दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 96 | सीकर, गुरुवार 04 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# होटल में आग से 21 मौतें




## मालिक हिरासत में

### मरने वालों में 11 विदेशी, 8 राजस्थान-हरियाणा के; होटल की फायर एनओसी नहीं थीं

नई दिल्ली।

दिल्ली में मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक मरने वालों में 11 विदेशी नागरिक हैं। इनमें 9 अफ्रीकी और 2 तुर्कमेनिस्तान के हैं। एजेंसी ने पहले ये आंकड़ा 17 बताया था।

जानकारी के मुताबिक, मृतक 10 भारतीयों में से 8 आपस में रिश्तेदार थे। इनमें 3 राजस्थान के और 5 हरियाणा के रहने वाले थे। हादसे में कुल 35 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 19 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। दिल्ली पुलिस ने होटल मालिक लवकेश बजाज को हिरासत में लिया है।

दिल्ली फायर सर्विस और स्थानीय लोगों के मुताबिक, मालवीय नगर में मौजूद इस होटल के रेस्टोरेंट में सुबह 8.50 बजे आग लगी। आग ऊपरी मंजिलों पर बने कमरों और बेसमेंट तक पहुंच गई। चीफ फायर ऑफिसर अभिलाष मलिक ने कहा, फायर टीम ने यहां से 37 लोगों को बाहर निकाला। बिल्डिंग की फायर एनओसी नहीं थी। होटल में 25 कमरे हैं। वहीं, हादसे के वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की तीसरी-चौथी मंजिल से कूदते नजर आ रहे हैं। इन्हें बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने जमीन पर गद्दे भी बिछाए थे।

होटल से 40 लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। पिछले 6 महीनों में दिल्ली में आग की अलग-अलग घटनाओं में 66 लोगों की मौत हो चुकी है।

### रेस्टोरेंट के ऊपर होटल था, आग 6 मंजिल तक पहुंची

आग 6 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर बने बी-एन-बी रेस्टोरेंट में लगी। कुछ देर बाद होटल में ऊपर की तरफ फैल गई। यह होटल दिल्ली के प्रेस एन्क्लेव रोड पर है। यहीं पर मैक्स हॉस्पिटल और एम्स भी है। बताया जा रहा है कि इन अस्पतालों में इलाज कराने आने वालों के परिजन भी इस होटल में रुका करते थे।

### मैक्स अस्पताल बोला- 18 लोगों की पहले ही मौत हो चुकी थी, एम्स में 13 लोग भर्ती

मैक्स अस्पताल के अधिकारी के मुताबिक कुल 39 लोगों को यहां लाया गया था। इनमें से 18 की पहले ही मौत हो चुकी थी। 5 लोगों को हल्की चोटें थीं। उन्हें डिस्चार्ज किया गया है। 15 लोग आईसीयू में एडमिट हैं, इनमें से 8 वेंटिलेटर पर हैं। जिनकी हालत गंभीर है। एक व्यक्ति बहुत ज्यादा झुलस गया था, उसे सफदरजंग अस्पताल रैफर किया गया है। वहीं, एम्स में 13 लोगों का इलाज जारी है। इनमें 3 लोग वह हैं, जिन्होंने होटल के कमरों से जान बचाने के लिए छलांग लगाई थी। एक व्यक्ति पैर टूट गए हैं।



### होटल में 6 रूम की परमिशन थी, लेकिन 25 कमरे थे

फ्लरिस स्टे गेस्टहाउस को बेड एंड ब्रेकफास्ट कॉन्सेप्ट के तहत लाइसेंस जारी किया गया था। इसके तहत 6 रूम की परमिशन थी, लेकिन 25 कमरे बने थे। आग लगने के बाद होटल के रेस्टोरेंट के बेसमेंट में भी काफी लोग फंसे थे। इसमें अंदर जाने और बाहर निकलने का रास्ता एक ही था, जो बहुत संकरा था होटल के पास फायर हृश्ष्ट नहीं थी। आने-जाने का भी एक ही रास्ता था।



पहले



# डीके शिवकुमार कर्नाटक सीएम बने

## संविधान हाथ में लेकर शपथ:जी परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने; सिद्धारमैया के बेटे समेत 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

बेंगलुरु।

डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान वे हाथ में संविधान रखे हुए थे। उन्हें 30 मई को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। जी परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। इनके अलावा 12 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। शिवकुमार, सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। उधर, बी के हरिप्रसाद कर्नाटक कांग्रेस के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

### शपथ में राहुल-खड़गे शामिल हुए

नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य नियुक्त किया गया।



### डीके के पास 1400 करोड़ की संपत्ति, मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ भी गए

कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार देश के सबसे अमीर नेताओं में हैं। उनके पास ?1413 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। वह रियल एस्टेट, खनन, होटल कारोबारी हैं। इतनी संपत्ति के बावजूद उनके चुनावी हलफनामे में एक टोयोटा क्वालिस कार दर्ज है। 263 करोड़ का कर्ज भी है। 1962 में बेंगलुरु के पास कनकपुरा में जन्मे डीके वोक्कालिगा समुदाय से हैं। वह कनकपुरा से ही विधायक हैं। कांग्रेस में उनकी पहचान ऐसे नेता की है जो पार्टी विधायकों को टूटने से बचाते हैं। किसी भी बड़े ऑपरेशन, चुनाव मैनेजमेंट, प्रचार या गुप्त रणनीतियों के लिए जिस वित्तीय और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट की जरूरत होती है, उसे वे बखूबी मैनेज कर लेते हैं। डीके पर 19 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। ईडी उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के दो केस में जांच कर रही है। 2017 में आयकर विभाग के छापे में इनके घर 8.5 करोड़ रुपए मिले थे। इसी केस में वह 2019 में गिरफ्तार हुए। उन्हें 50 दिन तिहाड़ में बिताने पड़े थे। सीबीआई आय से ज्यादा संपत्ति के एक मामले में जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने ली गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक

# अवैध वाहन मॉडिफिकेशन पर कसे शिकंजा, करें सख्त कार्रवाई : सीएम



जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त गिरोहों के विरूद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ड्रग तस्करों के आर्थिक तंत्र को ध्वस्त करने के लिए इन माफिया की अवैध संपत्तियों पर जब्ती, कुर्की एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। साथ ही, पीआईटीएनडीपीएस के अंतर्गत भी संदिग्ध माफियाओं पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े संगठित गिरोहों के छोटे-बड़े सभी नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन से तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए निगरानी एवं सतर्कता बढ़ाई जाए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा बेहतर समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नशे के खिलाफ चलाएं जन-जागरूकता अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा अपराध की जड़ है तथा समाज व परिवारों पर इसके दूरगामी दुष्प्रभाव होते हैं। इसलिए नशे के खिलाफ जन-जागरूकता के लिए प्रदेशव्यापी अभियान चलाएं तथा सामाजिक क्षेत्र की संस्थाओं के साथ जुड़कर इसे जन आंदोलन बनाएं। साथ ही, इस मुहिम में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### वाहनों के शीशों पर काली फिल्म पर हो कड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने पुलिस, प्रशासन और परिवहन विभाग के संयुक्त अभियान के माध्यम से वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन कर मादक पदार्थों का परिवहन सहित अन्य गैर कानूनी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वाहनों के मॉडिफिकेशन की आड़ में अपराधी कानून से बचने का प्रयास करते है। साथ ही, ऐसे वाहन सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। ऐसी अवांछित गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम के लिए राज्यभर में व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने वाहनों पर प्रतीक लगाने एवं शीशों पर निर्धारित मानकों से अधिक काली फिल्म अथवा अन्य अपारदर्शी सामग्री पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भास्कर ए. सावंत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डेनमार्क की प्रधानमंत्री बनने पर मेटे फ्रेडरिक्सन को पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने पर बधाई दी है। उन्होंने भारत और डेनमार्क के बीच हरित रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में मेटे फ्रेडरिक्सन को डेनमार्क के प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी फिर से संभालने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उन्हें अपनी मित्र बताते हुए उनके नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

### भारत-डेनमार्क संबंधों को बताया अटूट

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और डेनमार्क के बीच संबंध आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और सतत भविष्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी का उदाहरण बताया।

## अहमदाबाद में 166 बांग्लादेशी पकड़े गए

### 300 से ज्यादा संदिग्ध हिरासत में लिए गए, शहर के तीन इलाकों में पुलिस का एक्शन

अहमदाबाद।



अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शहर के तीन इलाकों से 300 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जांच में 166 बांग्लादेशी पाए गए हैं, जबकि अन्य संदिग्धों के डॉक्यूमेंट्स की जांच की जा रही है। 2 जून की रात चलाए गए अभियान में अहमदाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने चंडोला, गुलाबनगर और खोडियारनगर क्षेत्रों में कार्रवाई की थी। हिरासत में लिए गए सभी लोगों को क्राइम ब्रांच कैंपस में रखा गया है।

### पूरे शहर में तलाशी अभियान

क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने बताया कि चंदोला इलाके में लगातार चल रहे अभियानों के कारण बड़ी संख्या में अवैध निवासी एक जगह टिकने से बच रहे हैं। वे पहचान बदलकर शहर के अलग-अलग इलाकों में किराए के मकानों, झुग्गी-झोपड़ियों, होटलों, कामगार आवासों और व्यावसायिक स्थानों में रह रहे हैं। इसलिए पूरे शहर में एक साथ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## टॉय ट्रेन नहीं, अब असली वंदे भारत चाहिए-झुंझुनू से उठी मांग

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा बुधवार अपराह्न रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस टॉय ट्रेन चलाई गई। पटरी पर दौड़ती हूबहू वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को देखकर यात्रियों ने ताली बजाई और उत्साहपूर्वक स्वागत किया। बड़ी संख्या में लोग इस अनोखे प्रदर्शन को देखने पहुंचे। लोगों का कहना था कि जब मांग इतनी मजबूती से उठ रही है तो जल्द ही झुंझुनू में असली वंदे भारत ट्रेन भी चलेगी। इस दौरान नई रेल सेवाओं के संचालन एवं यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग को लेकर स्टेशन प्रबंधक संजीव कुमार को रेलमंत्री के नाम 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर समिति के डॉ मनोज सिंह, गणेश कुमार हलवाई, अनवर हुसैन, फैयाज अहमद खान, चन्द्रप्रकाश धूपिया, श्रवण कुमार गोयनका, संजय बिलोटिया, सीए लोकेश अग्रवाल, कमल डालमिया, बाबू भाई अली हसन परवेज, इमरान बड़गूजर, मोहम्मद मोहसिन अली, सुरेन्द्र अग्रवाल, मांगीलाल सेन, शिवचरण पुरोहित, अनिल शर्मा, विनोद खन्ना, मनीष बगड़िया, रवि तुलस्यान, जाकीर अब्बासी, इकबाल खान, राजेश अग्रवाल, अभिषेक मुरारका, शारिक अहमद खान, बॉबी पुरोहित सहित कई लोग मौजूद रहे। अग्रवाल ने बताया कि मांग पत्र में जयपुर-हरिद्वार-जयपुर वाया रींगस, सीकर, झुंझुनू, लोहारू, दिल्ली मार्ग से प्रतिदिन वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने, दूरंतो एक्सप्रेस का स्टॉपेज सूरत व बोरीवली में करने तथा इस गाड़ी में 5 डिब्बे सेकंड स्लीपर क्लास के जोड़ने, बांद्रा-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस को प्रतिदिन करने और इसका विस्तार लोहारू तक करने सहित कुल 12 मांगों को शामिल किया गया है।

# नव नियुक्त एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष भाटिया का किया नागरिक अभिनंदन

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** साधारण किसान परिवार से निकलकर राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाने वाले सुरेन्द्र भाटिया का बुधवार को पूर्व विधायक सुभाष पूनियां के नेतृत्व में समाजसेवी सज्जन अग्रवाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रतन सिंह तंवर, किसान नेता रामवतार धोलिया सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्रभर में उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पार्टी द्वारा दुबारा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने पर भाटिया का जिलेभर में स्वागत एवं सम्मान किया जा रहा है। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, लाखू मंडल अध्यक्ष प्रमोद डैला, महेश जांगिड़, युवा नेता अमित बिजारणियां, पूर्व सरपंच अशोक काजला, वीर सिंह खरड़िया, चिरंजी लाल शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि रविन्द्र जांगिड़, विक्रम मेघवाल, सत्यवीर दौराता, इंद्र कुमार शर्मा, नत्थुराम लाइनमैन, सत्यनारायण शर्मा, हवा सिंह यादव, रविकांत शास्त्री, अमित कौशिक, राकेश खरड़िया, रतन खरड़िया, सुबे सिंह, महामंत्री मनोज शर्मा, सुनिल पालीवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजपाल काजला, अजीत सिंह बिजौली, विक्रांत शर्मा, बंशीलाल मेघवाल, मोतीलाल डिग्रवाल, संत कुमार भड़िया, चन्द्र भड़िया, अरविंद ख्यालिया, राजवीर बिशनपुरा, रोहिताश, जयपाल बलौदा, सुरेश मेघवाल, सतीश भुडनपुरा, श्याम सिंह कासनी, संजय स्वामी, रामेश्वर लाल, सुरेन्द्र कुल्हार, सुंदर सिंह सिरसला, राजेंद्र चौराड़ी, राजकुमार चांदोलिया, एडवोकेट रामेश्वर लाल, एडवोकेट सुरेश दानोदिया, एडवोकेट मनोज डिग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट शिवराज सिंह राठौड़ ने किया।



### जनसमर्थन से गदगद दिखे कार्यकर्ता

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने सुरेन्द्र भाटिया को दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

### पूर्व विधायक के नेतृत्व में जुटे सैकड़ों कार्यकर्ता

सूरजगढ़ में पूर्व विधायक सुभाष पूनिया के निवास पर आयोजित सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और आमजन एकत्रित हुए। कार्यक्रम के दौरान सुरेन्द्र भाटिया का माला व साफा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके संगठनात्मक कार्यों और राजनीतिक सक्रियता की सराहना की।

### अपनों का साथ और बुजुर्गों का आशीर्वाद सबसे बड़ी ताकत

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र भाटिया ने कहा कि उन्हें जो सम्मान और जिम्मेदारी मिली है, वह कार्यकर्ताओं, समर्थकों और बुजुर्गों के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि सभी का सहयोग और समर्थन मिलता रहा तो सूरजगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

## टीचिंग एसोसियेट संविदा भर्ती में संशोधन करने की मांग

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा कॉलेज एजुकेशन सोसायटी के टीचिंग एसोसियेट पदों हेतु संविदा भर्ती जारी की गई है। इस संविदा भर्ती में जारी किए गए नियमों में संशोधन करने हेतु बाजोर फाउण्डेशन, सीकर द्वारा मुख्यमंत्री व कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र लिखकर भर्ती नियमों में संशोधन की मांग की है। बाजोर फाउण्डेशन के संस्थापक मोहन बाजोर ने बताया कि कॉलेज शिक्षा में संविधा के आधार पर भर्ती करना बेरोजगार अभ्यर्थियों के हितों पर कुठाराघात है। भर्ती नियमों में संशोधन करने हेतु बोर्ड के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पुर्नविचार कर संशोधन करने की मांग की है। बाजोर फाउण्डेशन की संरक्षक चम्पा बाजोर ने बताया कि फाउण्डेशन ने मांग की है कि नियुक्ति की अधिकतम अवधि पांच वर्ष को बढ़ाकर पंद्रह वर्ष किया जाए। मासिक वेतनमान को बढ़ाकर 75 हजार तक किया जाए, चयनित अभ्यर्थी को आरजीएचएस जैसी स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं में पूर्ण लाभ देने व एक करोड़ रुपये का दुर्घटना बीमा दिया जाने जैसी शर्तों को नियमों में जोड़ने की मांग की है।

## विद्यालय परिसर में हुआ महा-पौधरोपण



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भलाऊ ताल में एक सराहनीय और अनूठी मुहिम का आयोजन किया गया। वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान से प्रेरित इस विशेष कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों और ग्रामवासियों ने मिलकर पर्यावरण सजगता की एक नई मिसाल पेश की है। इस मुहिम की शुरुआत विद्यालय में कार्यरत और वर्तमान में जनगणना कार्य में प्रगणक के रूप में ड्यूटी निभा रहे अध्यापक विकास पूनिया द्वारा की गई। विकास पूनिया ने अपनी ड्यूटी के दौरान घर-घर जाकर ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और गांव के प्रत्येक जनगणना भवन में दो-दो पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया। अध्यापक विकास पूनिया की इस अनूठी प्रेरणा से प्रभावित होकर शिक्षा विभाग में ही कार्यरत और इसी गांव के निवासी वरिष्ठ अध्यापक महन कुमार नूईया जो पूर्व एनएसजी कमांडो रह चुके हैं और यूएनओ इजराइल-सीरिया पीसकीपिंग फोर्स द्वारा सम्मानित हैं ने इस मुहिम को एक बड़ा रूप दे दिया। उन्होंने इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में अपनी ओर से 251 पौधे लगाने की घोषणा कर समाज के सामने एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। इसी कड़ी में बुधवार को विद्यालय परिसर में एक भव्य महा-पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सामूहिक रूप से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम प्रियंका कड़ेला, बाबाजी महन्त कुमार, सीबीईओ बबलेश शर्मा, रेंजर सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी महन कुमार नुईया, विकास पूनिया अध्यापक सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र और गांव के अनेक ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## 21 दिवसीय पांडित्य प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** वेदविद्यालय के अधिष्ठाता दिवाकर शास्त्री की अध्यक्षता में व मंचस्थ अतिथियों के सानिध्य में 21 दिवसीय पांडित्य प्रशिक्षण शिविर का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ संत शिरोमणि शोभानंद महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्पण से हुआ। विप्रवटुवों ने समवेत स्वर में गुरु वंदना की। इस अवसर पर अतिथि डॉ रामगोपाल शर्मा ने संस्कृत, संस्कृति व संस्कार ब्राह्मण के लिए आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थी के लक्षणों का विस्तार से विवेचन किया। गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत ने समाज हित में किए जा रहे कार्यों के बारे चर्चा करते हुए वर्तमान युग की आवश्यकतानुरुप व्यवस्थाओं पर चर्चा की। गंगा समग्र के प्रांतीय संयोजक नरेश कालरी ने ओजस्वी उद्बोधन देते हुए समाज हित में एक होने पर बल दिया। छः न्याति ब्राह्मण समाज के अध्याय अंबिका प्रसाद हारित ने समाज हित का चिंतन कर किसी कारणवश अध्ययन से वंचित ब्राह्मण बालकों के निःशुल्क अध्ययन की बात कही। कार्यक्रम को शशिकांत धरेंद्र, पवन मंगलहारा, मुरारीलाल पारीक, रामदेव चंदनिया, सूर्यप्रकाश पारीक, महेंद्र कुमार शर्मा, निरंजन ताम्रायत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण लाटा, कैलाश चंद्र भुढ़ाढरा, योगेश ताम्रायत, शांतिलाल हरितवाल, विष्णु धरेंद्र, पृथ्वीराज गंगावत, भोलाराम धरेन्द्र, ललित पुजारी, कमल इंदौरिया, कन्हैयालाल चौमाल, केशरदेव काछवाल, अनिल बबेरवाल, श्याम चौमाल, संतोष शर्मा, ओमप्रकाश चौमाल, अजय इंदौरिया, भूपेंद्र चौमाल, भंवर दान चारण, देवीदत्त सिंवाल, श्रवण सांखोलिया सहित अनेक गणमान्य जन व विप्रवटु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुधाकर शर्मा ने किया।

## मैढ़ ट्रस्ट ने प्रतिभा पुरस्कार-2026 के लिए मांगे आवेदन

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** मैढ़ ट्रस्ट बेंगलुरू ने वर्ष 2026 के प्रतिभा पुरस्कार हेतु सोनी समाज के मेधावी विद्यार्थियों से आवेदन मांगे हैं। ट्रस्ट सचिव सीए विजय कुमार ने बताया कि विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को 11-11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सूचना के अनुसार जागृति-विजय वर्मा पुरस्कार वर्ष 2026 की 10वीं कक्षा में गणित विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र या छात्रा को दिया जाएगा। वहीं गंगाबाई रामचन्द्र वर्मा शोरपुर पुरस्कार 12वीं अथवा समकक्ष परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा मीरा-पन्नालाल जोहरी पुरस्कार स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को दिया जाएगा। केवल 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे। आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित 30 जून तक ट्रस्ट कार्यालय में भेजना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन मैढ़ ट्रस्ट कार्यालय, जयनगर, बेंगलुरु के पते पर भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए ट्रस्ट पदाधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। ट्रस्ट का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है।

## जिला आबकारी अधिकारी का पद स्वीकृत

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान सरकार के आबकारी वित्त विभाग के संयुक्त शासन सचिव वरुण मिश्रा द्वारा जारी किए आदेशों में अब क्षेत्र में आबकारी थाने में जिला आबकारी अधिकारी बैठेंगे। जिला आबकारी अधिकारी का पदनाम अब उपायुक्त होगा। संयुक्त शासन सचिव मिश्रा ने उक्त आदेश राज्यपाल की आज्ञा से जारी किए हैं। साथ ही शहर में आबकारी अधिकारी कार्यालय एवं आबकारी थाना दो अलग-अलग स्थानों पर संचालित होता था, जिसे भी मर्ज कर एक ही स्थान पर संचालित किया जाएगा। अब नए आदेशों के अनुसार उपायुक्त के अधीनस्थ रतनगढ़, सुजानगढ़ व बीदासर उपखंड क्षेत्र आएगा।

## प्रबोधन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त परीक्षार्थियों का किया सम्मान

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी अणुविभा द्वारा विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के संबंध में जारी निर्देशों को लेकर अणुव्रत समिति द्वारा स्थानीय तेरापंथ भवन में जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में अणुव्रत प्रबोधन प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों अनीता बैद, शायर हीरावत, ममता बैद, सुनीता बोथरा, सुभाष चंद्र बैद, नेहा भूतोड़िया और लीला बैद का अभिनंदन दुपट्टा पहनाकर और प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया गया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोज्य विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि अणुविभा के आह्वान पर इस दिन दोपहर 2 से 4 बजे तक एसी बंद रखे जाएंगे। उन्होंने सभी को इस आह्वान का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करने का निवेदन किया। बीदासर से पधारे एसीसी जोन कॉर्डिनेटर और पर्यावरण प्रभारी नवल किशोर मीणा ने अणुविभा के विविध प्रकल्पों की जानकारी दी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने वायुमंडल की संक्षिप्त जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता समझाई। रामपुरिया जैन कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अनिल लाटा व आदर्श विद्या मंदिर के व्यवस्थापक रामावतार शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रबोधन प्रतियोगिता के सम्मानित प्रतियोगियों में से सुनीता बोथरा ने भी अपने भाव अभिव्यक्त किए। इस अवसर पर आगामी प्रबोधन प्रतियोगिता की आधार पुस्तिकाओं के सैट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन अणुव्रत प्रबोधन प्रतियोगिता के संयोजक परमेश्वर लाल गौड़ ने किया। कार्यक्रम में स्काउट संघ के सचिव राकेश कुमार नायक, पूनमचंद दूगड़, भानुप्रकाश शर्मा, वेदप्रकाश चौधरी, दौलत राम दायमा, भैराराम प्रजापत, बजरंग लाल बोथरा, सोनू हिंगड, सुमन कुण्डलिया, मंजू बैद, लीलाधर शर्मा आदि उपस्थित थे।

## घोटड़ बने अम्बेडकर शिक्षक संघ उपशाखा तारानगर के अध्यक्ष



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अम्बेडकर शिक्षक संघ उपशाखा तारानगर की तहसील कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुए। जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल, चुनाव अधिकारी काशीराम मेघवाल, चुनाव प्रभारी शीशराम माहीच, चुनाव पर्यवेक्षक मोहनलाल अर्जुन, संरक्षक जेठाराम पटीर व प्रकाश मेघवाल के निर्देशन में सम्पन्न हुए चुनाव में सर्वसम्मति से भगवानाराम घोटड़ को अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष सुरेश जोईया, उपाध्यक्ष हरपाल सिंह, महामंत्री रीछपाल सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद मेहरा, संयुक्त मंत्री हेतराम चनानीया, प्रवक्ता राजेश कलिया, संगठन मंत्री ग्यारसी लाल गोठवाल को मनोनीत किया गया। सभी नवमनोनित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। साथ ही भूगोल प्राध्यापक कॉलेज शिक्षा में चयनित प्रतिभावान शिक्षक जयप्रकाश दहिया का समाज के लोगों ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्रवण चिरानीया, श्रीचंद छापरवाल, रामसिंह माहिच, भूपसिंह छापरवाल, मुंशी लाल मेहरा, हेमराज कालवा, भंवर लाल कडायला आदि उपस्थित थे।

## कर्मचारियों को टीबी मुक्त करवाने की दिलाई शपथ



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी प्रशासन भवन में टीबी जांच शिविर लगाया गया, इस दौरान कर्मचारियों ने टीबी मुक्त भारत की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनियुक्त केसीसी कार्यपालक निदेशक पुरूषोत्तम दास बोहरा थे। पीडी बोहरा ने केसीसी प्रोजेक्ट के कर्मचारी व अधिकारियों को टीबी मुक्त करवाने की शपथ दिलाते हुए कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, नियमित दवा सेवन और जागरूकता से टीबी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और टीबी मरीजों के प्रति भेदभाव नहीं बल्कि सहयोग एवं संवेदनशीलता का व्यवहार रखें। टीबी नोडल अधिकारी डॉ भानू मान ने बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय गहन टीबी उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत केसीसी प्रशासन भवन में सुबह दस बजे से एक बजे तक पचास कर्मचारियों की निःशुल्क टीबी जांच की गई। मुन्नालाल जैदिया ने शिविर के बारे में विस्तार से बताया। केसीसी महाप्रबंधक प्रशासन मानव संसाधन एस शिवदर्शी ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर मयूख चटर्जी, मनीष गवई, मोहम्मद उस्मान, डॉ दीपिका खुराना, विपिन शर्मा, डॉ गोपाल राठी, वीबी गुप्ता, अभिषेक पारीक, राजेश डाढेल, नागेश राजपुरोहित, संतोष बारीक, अश्वनी गुरावड़िया, राजा आशीष, विकाश, डॉ रेणू खेदड़, प्रियंका पारीक, ऋचा भटनागर, मनोज लमोरिया, बाबूलाल सैनी, पार्वती देवी, सुधा आदि कर्मचारी व अधिकारियों ने टीबी मुक्त भारत की शपथ ली।

## पानी की लाईन तोड़ने वालों पर सख्त कार्यवाही करो : एडीएम संतोष कुमार

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** बरसाती रूत आने से पहले विभागीय अधिकारियों की बैठक एडीएम संतोष कुमार के सानिध्य में उपखंड कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में एडीएम संतोष कुमार ने कहा कि जनता को फिर से पिछले साल जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए अधिकारी सजग रहें। सीवरेज के जगह-जगह चौक को सही करवाये जाने के निर्देश एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने दिए। जिस पर सफाई निरीक्षक मुनालाल मीणा ने कहा कि टेंकर्स से पानी उठाया जाता है। जिस पर एसडीएम ने कहा कि टैंकर्स से पानी उठाया जाना कोई समाधान नहीं है, जितने भी सिवरेज की लाईन चौक या ब्लॉक हैं, उनको दुरूस्त करवाकर समस्या का स्थायी समाधान किया जावे। वहीं आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने कहा कि मैं खुद गेनाणी पर बीसों बार गया हूं, दोनों मोटर एक साथ क्यों नहीं चलाते, जिस पर मुनालाल मीणा ने कहा कि बिजली की कटौती के कारण ऐसा होता है, जिस पर एसडीएम ने कहा कि विद्युत विभाग से कटौती का डेटा मंगवाया जायेगा, तो सारा मामला सामने आ जायेगा, आप दोनों मोटर चलवाई। एसडीएम ने कहा कि दोनों मोटरों से एक साथ पानी निकासी होने से बाजारों में समस्या नहीं रहेगी। लेकिन मेंटिनेंस के पैसे बचाने के चक्कर में दोनों को एक साथ नहीं चलाया जाता। जिस पर मुनालाल मीणा ने कहा कि रात के समय में दोनों एक साथ चलाई जाती हैं। सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल ने कहा कि नाथोतालाब में नाले का गंदा पानी डालना बंद होना चाहिए। सीआई बैगाराम मीणा ने कहा कि पिछली बारिश में कच्चे हो चुके मकानों का चिन्हीकरण करवाईये ताकि कोई व्यक्ति भारी बारिश में ऐसे मकानों में नहीं रहे। जिस पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को इस प्रकार का सर्वे करने के निर्देश एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा द्वारा दिए गए। एडीएम संतोष कुमार ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी सामंजस्य के साथ काम करें। दूसरी ओर विद्युत निगम के एक्सईएन अनिल बरबड़ को डूब वाले क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर उंचे उठाने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं पीएचईडी की लापरवाही से घरों में दूषित पानी की सप्लाई होने के मामले को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया।

उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने सहायक अभियंता सुनील कुमार को जलदाय विभाग की पाईप लाईन को तोड़ने वाले व्यक्ति पर एफआईआर करवाने के लिए कहा। जिस पर सहायक अभियंता ने कहा कि प्रार्थना पत्र थाने में दिया हुआ है।

जिस पर एडीएम ने सीआई बैगाराम से कहा कि आप मामले में कार्यवाही कीजिए। वहीं ब्लॉक सीएमएचओ डॉ भूपेंद्र को बारिश के दिनों में एंटी लार्वा दवा का स्टॉक रखने के लिए कहा गया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि पानी की पाईप लाईन तोड़ने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्यवाही की जावे ताकि जनता को कभी परेशान नहीं होना पड़े। इस अवसर पर तहसीलदार व कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक, सहायक अभियंता विक्रम, चारवी, मुनालाल मीणा, ओमप्रकाश स्वामी, पुरूषोतम चौहान सहित अनेक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## ज्ञापन : कुचामन सिटी तहसीलदार के स्थानांतरण पर पुनर्विचार की मांग

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** कस्बे में राजस्थान तहसीलदार सेवा परिषद ने कुचामन सिटी के तहसीलदार के स्थानांतरण आदेश पर पुनर्विचार की मांग की है । इस दौरान एसडीएम सुनील चौहान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। तहसीलदार सेवा परिषद ने कहा कि संयुक्त शासन सचिव राजस्व द्वारा जारी आदेश के तहत कल्याण ईनाणिया का स्थानांतरण कुचामन सिटी से गांधेली कला, जिला बांसवाड़ा किया गया है जबकि इस संबंध में निष्पक्ष जांच के बिना इतनी जल्दबाजी में लिया गया निर्णय उचित नहीं है। वर्तमान में जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य चल रहे हैं और ऐसे समय में लोकसेवकों का स्थानांतरण प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित कर सकता है। परिषद का कहना है कि तहसीलदार सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए बिना पर्याप्त कारण और निष्पक्ष समीक्षा के किए गए स्थानांतरण से कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित होता है। परिषद ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में जारी तहसीलदारों के पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में कई अधिकारी लंबे समय से कार्यरत हैं। ऐसे में अचानक किए गए स्थानांतरण प्रशासनिक पारदर्शिता और स्थिरता पर सवाल खड़े करते हैं। राजस्थान तहसीलदार सेवा परिषद ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि स्थानांतरण आदेश के कारणों की निष्पक्ष समीक्षा कर पुनर्विचार किया जाए।

साथ ही परिषद ने प्रशासनिक निष्पक्षता बनाए रखने और लोकसेवकों को प्रोत्साहित करने वाली पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री, मुख्य सचिव, राजस्व मंडल अध्यक्ष, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग तथा निदेशक राजस्व मंडल को भी भेजी गई है। इस मौके पर तहसीलदार सुनील कुमार, नायब तहसीलदार सुखदेव, विजेश, अमित कुमार, सुरेंद्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# परकोटा गणेश मंदिर में सजी आकर्षक जल विहार झांकी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास में आने वाली विभुवन संकष्टी चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को महिलाओं ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ व्रत रखा। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह विशेष व्रत पुरुषोत्तम मास में प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार किया जाता है। व्रत रखने वाली महिलाओं ने सुबह संकल्प लेकर उपवास प्रारंभ किया तथा रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण किया। इस अवसर पर भगवान गणेश के विभुवन स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने गणेशजी एवं चौथ माता की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। धार्मिक मान्यता है कि संकष्टी चतुर्थी पर विधि-विधान से पूजा करने से जीवन के संकट दूर होते हैं और मंगलकारी फल प्राप्त होते हैं। संकष्टी चतुर्थी के उपलक्ष्य में चांदपोल बाजार स्थित परकोटा गणेश मंदिर में महंत अमित शर्मा के सानिध्य में प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आकर्षक जल विहार झांकी सजाई गई। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण रहा। झांकी श्रृंगार के तहत सर्वप्रथम भगवान गणेश का कैलाश मानसरोवर से लाए गए पवित्र तीर्थ जल से अभिषेक किया गया। इसके बाद उन्हें सिंदूर का चोला अर्पित कर नवीन एवं आकर्षक पोशाक धारण कराई गई। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए फव्वारों के माध्यम से जल स्नान भी कराया गया। जल विहार झांकी के दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लगा रहा। धार्मिक आयोजनों के बीच भक्तों ने भगवान गणेश से परिवार की खुशहाली एवं कल्याण की कामना की। मंदिर में भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का क्रम भी चलता रहा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# सेवा भारती केंद्र में बच्चों संग पुरुषोत्तम मास मनाया



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन, नोखा शाखा और अंतरराष्ट्रीय आईएमसी माहेश्वरी कपल क्लब, नोखा शाखा ने संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम पुरुषोत्तम मास के अवसर पर मोहनपुरा टंकी के पास स्थित सेवा भारती केंद्र में बच्चों के लिए था। इसका उद्देश्य सेवाए संस्कार और प्रेरणा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत भोजन वितरण से हुई। संगठन की महिलाओं ने बच्चों को मालपुआ, गरमा-गरम कचोरी और जूस परोसा।

### वाद-विवाद और ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित

इसके बाद बच्चों के बौद्धिक और रचनात्मक विकास को बढ़ावा देने के लिए वाद-विवाद और ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय मोबाइल फोन : फायदे और नुकसान था, जिसमें बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मेरा सपना विषय पर आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया।

### विजेताओं को किया सम्मानित

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगठन की अध्यक्ष सुषमा बजाज ने बच्चों को मोबाइल फोन के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने इसके संतुलित उपयोग की सलाह दी। सुषमा बजाज ने कहा कि मोबाइल ज्ञान और जानकारी का एक महत्वपूर्ण साधन है, लेकिन इसका अत्यधिक उपयोग पढ़ाई और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

### इन पदाधिकारियों का रहा सहयोग

मीडिया प्रभारी दिव्या ने बच्चों को कलर बॉक्स वितरित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनू शर्मा, प्रिया राठी, इंदु बजाज, रेखा बजाज, सरिता झवर, कुसुम राठी, सुमन राठी, मंजू बजाज, संतोष भांभू, सरोज करनानी, पुष्पा लाहोटी और मंजू वर्मा सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहयोग किया। अंत में, सेवा भारती की मधु जी ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## वंदे गंगा अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत गुरुवार को उदयपुरवाटी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मंडावरा में प्रातः 11:30 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव डॉ. नवीन जैन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जल बचाने और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश देने के संबंध में शपथ भी दिलवाई जाएगी।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकाली साइकिल रैली

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** विश्व साइकिल दिवस पर सीकर में साइकिल प्रेमियों द्वारा सीकर के प्रमुख मार्गो से होती हुई साइकिल तिरंगा रैली निकाली गई। रैली को उप पुलिस अधीक्षक अजय पाल सिंह डूडी और सीटी सीओ संदीप कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अजय पाल डूडी ने कहा कि साइकिल चलाना उम्र के बंधन में नहीं बंधी है। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी को साइकिल चलाना चाहिए। साइकिल चलाना सेहत के लिए उतना ही जरूरी है जितना पर्यावरण बचाने के लिए। आज युवाओं को साइकिल चालन कर मोबाइल से दूर किया जा सकता है। साइकिल रैली 150 के लगभग साइकिल सवारों ने पुलिस लाइन सीकर से शुरू होकर कल्याण सर्किल, घंटाघर, रामलीला मैदान, रानी सती सर्किल, बजरंग कांटा होते हुए जयपुर रोड स्थित शहीद स्मारक पर समापन किया गया। शहीद स्मारक पर दयाराम महरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल चलाना सेहत के साथ-साथ देश के अर्थव्यवस्था के लिए भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया जाता है इसका उदाहरण देते हुए बताया कि विद्यार्थियों को साइकिल से कसरत भी होती है और समय की बचत भी होती है।

सीकर जिले में साइकलिंग राइडर्स क्लब बना रखा है जिसमें युवा, प्रौढ़, संस्था प्रधान, शिक्षक, कारोबारी, उद्यमी, समाजसेवी सभी तरह के लोग जुड़े हुए हैं जो प्रतिदिन कई किलोमीटर साइकिल चलाते हैं।



# बेहद जरुरतमंदों के लिए रक्तदाता बन रहे हारे का सहारा

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गर्मी के दिनों में प्रायः सभी ब्लड बैंकों में हर रक्त समूह की अनुपलब्धता के चलते मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते सुजानगढ़ ब्लड बैंक में भी अनुपलब्धता या कमी के समय टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की अपील पर लगातार हर रक्त समूह के रक्तदाता किसी भी समय रक्तदान कर लोगों को जीवनदान दे रहे है।

इसी क्रम में परताराम नाई ने अपनी धर्मपत्नी मनीषा के साथ रक्तदान किया। वहीं भवदीप भाटी, मनोज बुगालिया, विनोद प्रजापत, महेंद्र जांगिड़, भरत बिरड़ा बडाबर, गोविन्द जानू डूंगरास आथुना, गोपाल जाखड़, प्रेम ज्याणी, डॉ अभिषेक बुगालिया, राजेश कुमार, नवरत्न बिजारणिया, अर्जुन सिंह, बाबूलाल हुडडा रणधीसर, अजय बारवसा, समीर जोशी, सद्दाम पड़िहार, अशोक खंडेलवाल आदि सभी ने स्वर्णकार की अपील पर ब्लड बैंक पहुंचकर प्रसूता, ऑपरेशन, एनेमिक, एक्सीडेंट आदि केसो में जरुरतमंद अनजान मरीजों के लिए बेशकीमती रक्तदान कर जीवनदान दिया।

# मैट्रिक्स में मनाया सफलता का महामहोत्सव



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जेईई एडवांस्ड 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। सिलेक्टेड स्टूडेंट्स का बुधवार को मैट्रिक्स के कैंपस में सम्मान समारोह और विजय महोत्सव आयोजित किया गया जहाँ भारी संख्या में विद्यार्थी और पैरेंट्स उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मैट्रिक्स ने हर बार की तरह अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए फिर से शेखावाटी के इतिहास में एक नवीन कीर्तिमान स्थापित कर दिया है और शेखावाटी के इतिहास का सबसे विराट और सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया है। प्राप्त परिणामों के अनुसार मैट्रिक्स के 1200 से अधिक विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड 2026 क्वालीफाई कर गौरवशाली परिणाम दिया है। छात्र साहिल ने ऑल इंडिया 321 रैंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं ऋषभ ने 464, आशीष कुमार ने 637, सोम पारीक ने 672, कृष कुमार ने 843, भुवीर ने 871, लोकेश डोडवाडिया ने 875, नीरज ने 929 व आदित्य चौधरी ने ऑल इंडिया 960 वीं रैंक प्राप्त कर शानदार सफलता पायी है। गौरतलब है की इनमें से अधिकांश विद्यार्थियों ने ये सफलता 12वींके साथ प्राप्त की है।

मैट्रिक्स के निदेशक अनिल गोरा ने बताया कि 9 छात्रों ने टॉप 1000 ऑल इंडिया रैंक में स्थान पाया है जिनमें से 7 छात्रों ने ये सफलता 12वीं के साथ ही प्राप्त कर की है। 18 छात्रों ने टॉप 2000 में और 78 छात्रों ने टॉप 5000 में स्थान बनाया है जो स्वयं में एक जबरदस्त परिणाम है। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए मैट्रिक्स के निदेशक नरेंद्र कोक ने सम्पूर्ण टीम को बधाई दी और बताया कि ये परीक्षा परिणाम शेखावाटी के इतिहास में अब तक का सबसे विराट परिणाम है, आज तक कभी किसी संस्थान की ओर से इस तरह का संख्यात्मक व गुणात्मक परिणाम नहीं दिया है। नरेंद्र कोक ने सभी शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए मैट्रिक्स टीम से इसी भांति के श्रेष्ठ परिणाम देते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

# 15 दिवसीय अभिरुचि शिविर आयोजित, विद्यार्थियों ने सीखे नए कौशल

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** सिंघाना पंचायत समिति के घरड़ाना खुर्द की पीएमश्री महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम शहीद कुलदीप सिंह राव राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में 15 दिवसीय अभिरूची शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कक्षा छह से आठ के विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य से किया गया था। कैंप प्रभारी व्याख्याता अंजु ने बताया कि राजस्थान के सभी पीएमश्री विद्यालयों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की अभिरुचियों, रचनात्मकता और छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना है, ताकि विद्यालय को आनंददायक एवं अनुभवात्मक शिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकें। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिला। नृत्य प्रशिक्षकों ने बच्चों को नृत्य की विभिन्न विधाओं एवं उनके महत्व से अवगत कराया। प्रशिक्षक सरजीत राव ने योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया जबकि विकास राव ने विद्यार्थियों को नाटक और स्थानीय कला के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। वहीं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अनिल राव ने बेसिक डिजिटल साक्षरता और आत्मविश्वास बढ़ाने से संबंधित जागरूकता सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पूनिया ने विद्यार्थियों को शिविर में सीखी गई गतिविधियों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में दिव्या, ज्योति, पूर्वी, तन्वी, येशिका, खुशिका, खुशी, मीनाक्षी, प्रिया, अंशु, पूजा, निशा, सीमा, मुकेश सहित अन्य ने भाग लिया।

# नर सेवा नारायण सेवा : माधवदास महाराज



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा गांव स्थित अपना घर आश्रम द्वारा आश्रम में सेवा ले रहे 584 लावारिस प्रभुजनों के उत्तम स्वास्थ्य, आध्यात्मिक कल्याण, प्रेम, करुणा तथा नर सेवा नारायण सेवा, मानवता ही सबसे बड़ा धर्म की भावना को लेकर आश्रम में 1 जून से 7 जून तक संगीत मयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है।

कथा में तीसरे दिन बुधवार को व्यास पीठ पर विराजित कथा व्यास राम स्नेही माधवदास महाराज ने विदुरजी, भक्त प्रहलाद चरित्र, कपिल ऋषी, ध्रुव-चरित्र आदि प्रसंगों की कथा अपनी अमृत मयी मधुर वाणी में सुनाते हुए बाहर से पधारे सैकड़ों नर नारी श्रोताओं और आश्रम में सेवा ले रहे सभी प्रभुजनों व आश्रम के कार्मिकों को भाव विभोर कर दिया। माधवदास महाराज ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है आश्रम में इस पोष सेवा ले रहेद्ध रहे इतनी बड़ी तादाद में प्रभुजनों की सेवा करते हुए पुण्य लाभ कमा रहे है।

इसी दौरा भजन-सपने में सखी देख्यो नन्द गोपाल भजन पर अनेकों प्रभुजन उछल कूदते हुए झूमने लगे। कथा के तीसरे दिन आश्रम से जुड़े व नोखा में उपकोषाधिकारी पद पर कार्यरत रमेश कुमार व्यास सपत्निक जयश्री व्यास व्यास पीठ के सामने प्रथम पंक्ति में आसीन होकर श्रीमद् भागवत कथा का रस पान किया। कथा के तृतीय दिन कन्हैयालाल करवाए मदनलाल चांडक, इन्द्रचन्द मोदी, हरीकिशन शर्मा, नोखागांव के पं. पन्नालाल दाधीच सहित अनेक गणमान्य नर.नारी ने कथा श्रवण की और व्यास पीठ से आशिर्वाद लिया। ज्ञात रहे कि वर्तमान में 584 प्रभुजी सेवा ले रहे है जिनमें मात्र 77 ही स्वस्थ है शेष सभी विभिन्न रोगों से पीड़ित है।

# वन्दे गंगा जल सरंक्षण अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** वन्दे गंगा जल सरंक्षण अभियान के तहत पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के मुख्यातिथ्य में तारानगर एसडीएम कार्यालय के सामने नेचर पार्क में 4 जून को सुबह 9 बजे होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पंचायत समिति के वीसी हाल में अभियान के जिला समन्वयक भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के नेतृत्व में अधिकारीयों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई।

जिसमें जांगिड़ ने जिलेभर में चल रहे अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जल अनमोल है इसका सदुपयोग करना हमारी सबकी जिम्मेदारी है ताकि हमें भविष्य में जल की समस्या का कोई सामना न करना पड़े। जांगिड़ ने उपस्थितजनों को जल सरंक्षण की शपथ दिलाई।

उपखंड अधिकारी प्रियंका कड़ेला ने सभी से जल सरंक्षण अभियान में अधिकाधिक भाग लेने का आह्वान किया एवं सभी का आभार जताया। इस मौके पर विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा, अजीतसिंह राठौड़, प्रशासक राकेश शर्मा, कृषि अधिकारी सविता बुडानिया, सीबीईओ बबलेश शर्मा, फोरेस्टर सुनील बागड़ी, लखुसिंह शेखावत, अशोक शर्मा, रणजीत सिंह तंवर सहित ब्लॉक स्तर के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एसीबी से जांच करवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अनेक निवर्तमान पार्षदों व आम लोगों के हस्ताक्षरों से युक्त एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपखंड कार्यालय में सौंपा गया है, जिसमें नगरपरिषद में कथित भ्रष्टाचार व अनियमितताओं की जांच एसीबी, लोकायुक्त या स्वतंत्र उच्च जांच एजेंसी से करवाये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में चार प्रकरणों का हवाला देते हुए उनमें हुए कथित भ्रष्टाचार की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है और इनकी निष्पक्ष जांच करवाये जाने का आग्रह किया गया है। इन चार प्रकरणों में ऑटो टीपर निविदा, निविदा में त्रुटियां, निविदा अवधि समाप्त होने के बावजूद बिना कार्यआदेश के ट्रेक्टर संचालन, पार्क आवंटन आदि का जिक्र किया गया है। ज्ञापन में आईओटी आधारित ऑटो टीपर निविदा प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने, पूर्व निविदा निरस्त करने का प्रयास करने वाले लोगों पर कार्यवाही करने, तकनीकी शर्तों की वैधानिकता की जांच किए जाने, भ्रष्टाचार, मिलीभगत, पद के दुरूपयोग के बारे में जांच कर राजस्व नुकसान कारित करने वाले लोगों पर एफआईआर करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन पर अजय ढेनवाल, विजय बटेसर, बिलाल भूरान, इस्माईल खां, मधु बागरेचा, रहीसन, निर्मला तोदी, इकबाल खां कायमखानी, सोहिल गोपालपुरिया, मोहनलाल मेघवाल, शबनम बानो, जाकिर क्याल, जहरा बानो सहित अनेक लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# गौसेवा एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** संजीवनी हॉस्पिटल के स्थापना दिवस के अवसर पर समाजसेवा एवं जनकल्याण के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में श्री बालाजी गौ सेवा समिति में गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल संचालक डॉ धर्मेंद्र शर्मा के सुपुत्र रुद्राक्ष शर्मा ने गौमाताओं को हरा चारा खिलाकर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर ललितदान चारण, भगवती प्रसाद शर्मा, गोविंद शर्मा एवं पवन स्वामी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा बताते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अस्पताल परिसर में सीनियर सिटीजन हेतु निःशुल्क परामर्श एवं उपचार शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में हॉस्पिटल के संचालक डॉ धर्मेंद्र शर्मा एवं डॉ भावना शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने संजीवनी हॉस्पिटल की जनसेवा भावना की सराहना करते हुए स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी तथा अस्पताल की निरंतर प्रगति एवं क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त की।

# अणुव्रत समिति के कैरी बैग्स का हुआ लोकार्पण

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ताल्लुका विधिक सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ अणुव्रत समिति द्वारा वितरित किए जाने वाले ईको फ्रेंडली कैरी बैग्स का लोकार्पण कर किया गया। न्यायालय परिसर में हुए कार्यक्रम में ताल्लुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कौशिक, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण जांगिड़ तथा उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेश लिखे कैरी बैग्स के साथ पर्यावरण संरक्षण दिवस के बैनर का लोकार्पण भी किया। उन्होंने अणुव्रत समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास एवं जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ को मनी प्लांट भेंटकर अधिकाधिक पेड़ लगाने और उनका समुचित संरक्षण और पोषण करने का आह्वान किया। कुलदीप व्यास ने अणुविभा के निर्देशानुसार 5 जून को दोपहर में 2 घंटे एसी बंद रखने, वृक्षारोपण, अणुव्रत वाटिका निर्माण, पर्यावरण क्विज, प्रदर्शनी, लघु नाटिका आदि कार्यक्रमों के बारे में बताया तथा तालुका सदस्य संतोष कुमार इंदौरिया ने 5 जून को स्थानीय रामचंद्र पार्क में प्रातः सवा छ बजे से मनाए जाने वाले पर्यावरण संरक्षण दिवस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास, बार संघ अध्यक्ष प्रमोद इंदौरिया, एडवोकेट लक्ष्मण प्रजापत, मनोज शर्मा, अविनाश मंडार, निराणाराम बिस्सू, रामावतार ठठेरा, लोकेंद्रपाल सिंह, भंवरलाल प्रजापत, सुभाष दहिया, गौतम नाथोलिया, निवेदिता प्रजापत व अपर लोक अभियोजक डॉ जयाकांत बिंवाल सहित अणुव्रत समिति के पदाधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

## सम्पादकीय

# शहरों की बिगड़ती सूरत



देश की राजधानी में एक पांच मंजिला भवन गिरने से छह लोगों की मौत और कई के घायल होने के बाद भवन स्वामी की गिरफ्तारी करने के साथ ही नगर निगम के दो इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया। इसके अतिरिक्त मजिस्ट्रेट जांच के आदेश भी दे दे गिए। इस घटना के बाद नगर निगम यह जानने की कोशिश कर रहा है कि आखिर शिकायतों के बाद भी उक्त इमारत में अतिरिक्त मंजिल का अवैध निर्माण कैसे हो रहा था? वह अन्य ऐसी ही इमारतों की छानबीन में भी जुट गया है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि आगे ऐसी घटनाएं नहीं होंगी और अवैध निर्माण का सिलसिला बंद होगा, क्योंकि यदि ऐसा होना होता तो बहुत पहले हो गया होता। आखिर दिल्ली में ऐसी कोई इमारत पहली बार नहीं गिरी, जो अवैध रूप से बनी थी या निर्मित की जा रही थी। ऐसी न जाने कितनी घटनाएं हो चुकी हैं और फिर भी नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। ऐसा इसीलिए है, क्योंकि नगर निकाय के अधिकारी-कर्मचारी कुछ ले-देकर अवैध निर्माण होने देते हैं। वे पैसों के लालच में भवन निर्माण संबंधी नियम-कानूनों की अनदेखी करते हैं। इस मामले में जो स्थिति दिल्ली की है, वही शेष देश की भी है।


हमारे हर छोटे-बड़े शहर में अवैध एवं बेतरतीब निर्माण हो रहा है। यह स्थानीय निकायों के संरक्षण और उनकी जानकारी में होता है। इसी कारण शहरों में अवैध तरीके से रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों का निर्माण होता रहता है। स्थिति यह है कि जो पुराने भवन दो-तीन मंजिल के होते हैं, वे जर्जर होने के बाद भी अवैध निर्माण के सहारे चार-पांच मंजिलों में तब्दील कर लिए जाते हैं। इससे क्षेत्र विशेष में आबादी का दबाव बढ़ने के साथ नागरिक सुविधाओं का अभाव भी बढ़ता है।

अपने देश में ऐसा कोई नियम ही नहीं कि किसी इलाके में कितनी आबादी रहनी चाहिए। इससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि हर कहीं रिहायशी इलाके व्यावसायिक इलाकों में तब्दील हो रहे हैं। देश भर में घरों में दुकानें बनाने की होड़ सी कायम है। ऐसा पुराने मोहल्लों के साथ नए मोहल्लों में भी हो रहा है। इसी कारण हमारे शहर बेतरतीब विकास का पर्याय बन गए हैं और वे नागरिक सुविधाओं के अभाव के साथ प्रदूषण एवं गंदगी से घिरते जा रहे हैं।

अनियोजित शहर नगरीय जीवन को केवल कष्टकारी ही नहीं बनाते, बल्कि वे विकास में बाधक भी बनते हैं। आज के युग में शहर आर्थिक विकास के इंजन हैं, लेकिन तभी, जब उनका नियोजित ढंग से विकास हो। विडंबना यह है कि जिन नगर निकायों की पहली जिम्मेदारी शहरों के नियोजित विकास को सुनिश्चित करना है, वे उसका ही निर्वाह करने में बुरी तरह नाकाम हैं। यदि शहरों की सूरत संवारनी है और उन्हें विकास का वाहक बनाना है तो स्थानीय निकायों के कामकाज के तौर-तरीकों को पूरी तरह बदलना होगा।

## विशेष आलेख

# गति पकड़ता सेमीकंडक्टर अभियान



वर्तमान दौर में सेमीकंडक्टर की अहमियत किसी से छिपी नहीं रही है। इस संदर्भ में अच्छी बात यह है कि भारत ने भी इसके निर्माण में तेजी से कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया नीदरलैंड दौरे पर वहां की दिग्गज कंपनी एएसएमएल और टाटा इलेक्ट्रानिक्स के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए है। एएसएमएल को आधुनिक सेमीकंडक्टर निर्माण की रीढ़ मानी जाने वाली उन्नत लिथोग्राफी प्रणालियों के मामले में विश्व के प्रमुख आपूर्तिकर्ता में से एक माना जाता है। यह अनुबंध इसका प्रतीक है कि भारत अब वैश्विक इलेक्ट्रानिक्स इकोसिस्टम में महज एक उपभोक्ता या असेंबलिंग तक ही सीमित न रहकर समूची मूल्य श्रृंखला में स्वयं को स्थापित करने पर ध्यान दे रहा है।

यह करार गुजरात के धोलेरा में 11 अरब डालर के निवेश वाले टाटा के प्रस्तावित चिप निर्माण संयंत्र के लिए बेहद अहम है। धोलेरा को भारत के सेमीकंडक्टर हब के रूप में भी देखा जा रहा है। सेमीकंडक्टर को लेकर भारत का दृष्टिकोण आर्थिक, रणनीतिक और भू-राजनीतिक निहितार्थों से प्रेरित है। आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो इलेक्ट्रानिक्स की खपत में तेजी के चलते देश सेमीकंडक्टर के आयात पर बड़ी हद तक निर्भर है। आज के इस दौर में जहां चिप्स आटोमोबाइल एवं दूरसंचार से लेकर रक्षा प्रणालियों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे उदीयमान क्षेत्रों की रीढ़ बन चुके हैं, वहां उसकी आधारभूत सामग्री पर बाहरी निर्भरता को घटाना आत्मनिर्भरता के साथ ही आर्थिक सुरक्षा का भी एक अहम अवयव बन गया है। इसका भू-राजनीतिक संदर्भ भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

वैश्विक सेमीकंडक्टर उत्पादन मुख्य रूप से ताइवान, दक्षिण कोरिया, चीन और अमेरिका में केंद्रित है। कोविड-19 महामारी से लेकर अमेरिका और चीन के बीच तकनीकी मोर्चे पर तनातनी जैसे पहलुओं ने इस आपूर्ति में गतिरोध पैदा करने का काम किया है। इसने दर्शाया है कि आपूर्ति श्रृंखलाओं का संकेंद्रण कितना भारी पड़ सकता है। इसका ही परिणाम रहा कि प्रमुख वैश्विक विनिर्माताओं और सरकारों ने उत्पादन में विविधता को प्रोत्साहन देने के लिए चीन से इतर उत्पादन की %चीन प्लस वन% वाली नीति को अपनाया। इस क्रम में अपने बड़े बाजार, जनसांख्यिकीय गहराई और बढ़ते भूराजनीतिक महत्व के चलते भारत स्वयं को एक आकर्षक वैकल्पिक केंद्र के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

रणनीतिक दृष्टिकोण से देखें तो सेमीकंडक्टर निर्माण के निहितार्थ केवल वाणिज्यिक हितों तक सीमित नहीं हैं। सुरक्षित और विश्वसनीय चिप आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नियंत्रण का पहलू अब राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ भी गहराई से जुड़ा है। विशेष रूप से रक्षा इलेक्ट्रानिक्स, साइबर बुनियादी ढांचे, दूरसंचार और एआइ संचालित तकनीकों जैसे क्षेत्रों में। इसी कारण सेमीकंडक्टर परिदृश्य महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा के एक नए मोर्चे के रूप में उभरा है और इस क्षेत्र में भारत का प्रवेश बदलती वैश्विक वास्तविकताओं को स्वीकारने के उसके रवैये को ही रेखांकित करता है। नई दिल्ली ने इसी को ध्यान में रखकर अपना नीतिगत ढांचा भी तैयार किया है। इसके अंतर्गत 76,000 करोड़ रुपये के आवंटन वाले इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन यानी आइएसएम, स्वीकृत चिप निर्माण परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता जैसी पहल की गई हैं। शायद ही विश्व में कहीं और ऐसे प्रोत्साहन दिए गए हैं। केंद्रीय बजट में भी आइएसएम 2.0 के दायरे का विस्तार करते हुए सेमीकंडक्टर उपकरण, सामग्री, बौद्धिक संपदा विकास, आपूर्ति श्रृंखला में लचीलेपन और शोध एवं विकास यानी आरएंडडी क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। स्पष्ट है कि भारत की रणनीति अपनी छितरी हुई क्षमताओं को एकीकृत कर उसका लाभ उठाने पर केंद्रित है।

सेमीकंडक्टर अभियान से जुड़ी कई परियोजनाएं अब धरातल पर साकार होने लगी हैं। गुजरात इन गतिविधियों का गढ़ बना हुआ है। धोलेरा में टाटा-पावरचिप फैब्रिकेशन परियोजना तो साणंद में माइक्रोन की एटीएमपी इकाई स्थापित हो रही हैं। असम को टाटा की ओसैट परियोजना हासिल करने में सफलता मिली है, जबकि उत्तर प्रदेश नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एचसीएल-फाक्सकान संयुक्त उपक्रम के माध्यम से स्वयं को इस परिदृश्य पर मजबूती से उभारने में लगा है। उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति 2024 तो बाकायदा दर्शाती है कि राज्य सरकारें किस प्रकार अतिरिक्त पूंजीगत सब्सिडी, कर छूट, भूमि दरों में रियायत, बिजली रियायत और कौशल विकास पहलों के माध्यम से केंद्रीय प्रोत्साहनों की पूरक बनकर इस प्रक्रिया को रफ्तार दे रही हैं। केंद्रीय रणनीतिक दूरदर्शिता और राज्यस्तरीय प्रतिस्पर्धा के बीच का यह तालमेल धीरे-धीरे भौगोलिक रूप से एक व्यापक सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को तैयार कर रहा है। कई स्तरों पर प्रगति के बावजूद इस राह में चुनौतियां भी कम नहीं हैं। चिप निर्माण उन उद्योगों में से एक है, जिनके लिए व्यापक स्तर पर पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है। पानी की भरोसेमंद एवं सतत आपूर्ति, बिजली की निरंतर उपलब्धता, कुशल कामकाजी आबादी एवं सक्षम आपूर्ति तंत्र का सुनिश्चित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वर्तमान विश्व में निर्यातों को लेकर जिस तरह के नियंत्रण एवं भू-राजनीतिक तनाव, खेमेबंदी और प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, उसके प्रभाव से यह क्षेत्र भी अछूता नहीं। इन पहलुओं के सम्मिलित प्रभाव भी इस क्षेत्र के भविष्य की दशा-दिशा को प्रभावित करेंगे। देखा जाए तो टाटा-एसएमएल अनुबंध, माइक्रोन संयंत्र के संचालन और आइएसएम 2.0 के साथ स्पष्ट है कि भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति संकल्पना के स्तर से वास्तविकता का आकार ग्रहण करने लगी है। इससे एक दीर्घकालिक औद्योगिक क्रांति की बुनियाद रखी जा रही है। वैश्विक सेमीकंडक्टर परिदृश्य में स्वयं को एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में प्रस्तुत कर रहे भारत को इससे केवल आर्थिक लाभ ही नहीं मिलेंगे, बल्कि वह रणनीतिक स्वायत्तता भी प्राप्त होगी, जहां तकनीकी क्षमताएं शक्ति संतुलन में अहम भूमिकाएं निभाने लगी हैं।

## स्वास्थ्य समाचार

# अपने बच्चों को जरूर खिलाएं यह चीजें, शरीर को मिलेंगे सभी जरूरी पोषक तत्व

अधिकतर माता-पिता की यह शिकायत होती है कि उनका बच्चा अक्सर खाना खाने में आनाकानी करता है। इसके अलावा, आजकल अधिकतर पेरेंट्स इस बात से भी परेशान रहते हैं कि उनका बच्चा बहुत ज्यादा जंक फूड खाता है। ऐसे में बच्चों का पोषण अधूरा रह जाता है और वह कमजोर रह जाते हैं। ज्यादा जंक फूड खाने से बच्चों में मोटापा, डायबिटीज और थायरॉइड जैसी बीमारियां आम हो रही हैं। बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए उन्हें पौष्टिक चीजें खिलाना बहुत जरूरी है। बढ़ते बच्चों की डाइट में वो सभी पोषक तत्व होने चाहिए, जो उनके संपूर्ण विकास के लिए जरूरी हैं। इस उम्र में पोषण की कमी के कारण बच्चे को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बढ़ती उम्र के बच्चों के शरीर को प्रोटीन, विटामिन, मिनरल, आयरन, फैट, कैल्शियम आदि जैसे पोषक तत्वों की जरूरत होती है, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में माता-पिता की जिम्मेदारी बनती है कि अपने बच्चे को समझाएं कि उनके शरीर के लिए पौष्टिक आहार जरूरी क्यों है। इसके अलावा, पेरेंट्स को बच्चे की डाइट में ऐसी चीजें शामिल करनी चाहिए, जो उसके शरीर की जरूरतों को पूरा कर सकें।

### हरी सब्जियां

बच्चों की डाइट में हरी सब्जियां भी जरूर शामिल करें। हरी सब्जियों में आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, मिनरल, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन ए और सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बच्चों के लिए बहुत जरूरी होते हैं। हरी सब्जियां खाने से बच्चों का पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और आंखें और हड्डियां मजबूत होती हैं। हरी सब्जियां खाने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिलती है। ऐसे में, आप बच्चों की डाइट में पालक, गोभी, मटर, ब्रोकली आदि शामिल कर सकते हैं। अगर आपका बच्चा हरी सब्जियां नहीं खाता है, तो आप सैंडविच या सूप में सब्जियां डालकर बच्चे को दे सकते हैं।

### ड्राई फ्रूट्स और नट्स

बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उनकी डाइट में सूखे मेवे भी जरूर शामिल करें। ड्राई फ्रूट्स में विटामिन, फैट, प्रोटीन, मिनरल और एंटीऑक्सिडेंट्स मौजूद होते हैं। बच्चों को रोजाना ड्राई फ्रूट्स खिलाने से उनके संपूर्ण विकास में मदद मिली है। इससे उनका दिमाग तेज होता है और एनर्जी भी मिलती है। इसके लिए बच्चों की डाइट में बादाम, काजू, अखरोट और अंजीर जैसे सूखे मेवे शामिल करें।

### दूध

बच्चों के सही विकास के लिए दूध बहुत जरूरी है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, फैट, विटामिन और फॉस्फोरस जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ये सभी तत्व बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी होते हैं। दूध पीने से बच्चों की हड्डियां और दांत मजबूत बनते हैं और ग्रोथ में मदद मिलती है। अगर बच्चा लैक्टोस इन्टॉलरेंट है तो उसे नट मिल्क या ओट्स मिल्क भी दे सकते हैं।

### ताजे फल

अगर आपका बच्चा भी स्नैक्स में बर्गर-पिज्जा खाता है, तो यह आदत उसके भविष्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। बच्चों को स्नैक्स में अनहेल्दी खाना देने के बजाय आप उन्हें ताजे फल दे सकते हैं। मौसमी फलों में विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, फाइबर, आयरन जैसे पोषक तत्व होते हैं। आप बच्चों की डाइट में केला, सेब, ब्लू बैरी, संतरा, अनार जैसे फल शामिल कर सकते हैं।



### अंडे

बच्चों के संपूर्ण पोषण के लिए अंडा बहुत फायदेमंद है। अंडे में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन बी, विटामिन डी, फैट और आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। अंडे में मौजूद प्रोटीन से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसके अलावा, विटामिन बी और आयरन से बच्चों के मानसिक विकास में मदद मिलती है। अंडा खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और बच्चों को जल्दी भूख नहीं लगती।



# डाइटिंग के दौरान झड़ रहे हैं बाल? इन टिप्स को करें फॉलो, दूर होगी समस्या

अक्सर जो लोग वजन घटाने या शरीर में जमा जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए डाइटिंग करते हैं, तो ज्यादातर लोगों में एक समस्या बहुत अधिक देखने को मिलती है- बालों का झड़ना। यह डाइटिंग के दौरान देखे जाने वाली सबसे आम समस्याओं में से एक है।

**शुरुआत में बहुत कम कैलोरी न लें :** जब वजन कम करने या फैट लॉस के लिए डाइटिंग की बात आती है तो ज्यादातर लोग शुरुआत से ही बहुत कम कैलोरी वाला भोजन लेना शुरु कर देते हैं। डाइटिंग के दौरान सिर्फ अपनी वर्तमान डाइट से सिर्फ 300-500 कैलोरी तक कम करने की सलाह दी जाती है। अगर आप कैलोरी का सेवन बहुत कम कर देते हैं, तो इससे आपको डाइट में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स और अन्य जरूरी फैटी एसिड की मात्रा कम हो जाती है, जो हेयर फॉल का कारण बनती है। इसलिए शुरुआत से ही बहुत कम कैलोरी लेना न शुरू करें।

**लंबे समय तक न करें डाइटिंग :** लंबे समय तक डाइटिंग भी हेयर फॉल का कारण बनती है। आमतौर पर सिर्फ 12-16 महीने तक की डाइटिंग करने की सलाह दी जाती है।



इसके बाद आपको कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहिए। कुछ हफ्ते बाद आप फिर से डाइटिंग शुरु कर सकते हैं। लेकिन लंबे समय तक लगातार डाइटिंग करने से बचें। लंबे समय तक बहुत कम कैलोरी लेने की सलाह नहीं दी जाती है।

**जरूरी सप्लीमेंट्स लें :** अगर आप डाइटिंग कर रहे हैं तो आपको एक्सपर्ट की सलाह के अनुसार जरूरी विटामिन और मिनरल्स के सप्लीमेंट्स जरूर लेने चाहिए। खासकर ओमेगा-3 और 6 फैटी एसिड सप्लीमेंट्स।

# दूध में मिलाकर पिएं दालचीनी और हल्दी, सेहत को मिलेंगे अनोखे फायदे

मौजूदा समय में असंतुलित खानपान और खराब जीवनशैली के कारण लोगों में कई तरह की बीमारियां और समस्याएं हो रही हैं। शरीर को पर्याप्त पोषण न मिल पाने की वजह से डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां भी हो सकती है।

आधुनिक और भागदौड़ भरी जीवनशैली में शरीर को हेल्दी रखने और बीमारियों से बचाने के लिए दालचीनी-हल्दी वाला दूध पीना बहुत फायदेमंद होता है। दालचीनी-हल्दी दूध के फायदे अनेकों हैं और इसका नियमित रूप से सेवन करने से आपको कई बीमारियों में भी फायदा मिलता है। दूध में दालचीनी और हल्दी मिलाकर पीने से आपको बहुत फायदा मिलता है। दालचीनी और हल्दी वाला दूध पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। दालचीनी में मौजूद गुण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बीमारियों से बचाने का काम करते हैं। वहीं हल्दी में मौजूद गुण शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** अच्छे पाचन के लिए रोजाना रात में सोने से पहल दालचीनी और हल्दी वाला दूध पीना बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से आपको अपच, कब्ज की समस्या जैसी परेशानियों में फायदा मिलता है। आप एक गिलास हल्के गर्म दूध में आधा चम्मच दालचीनी और आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और इसका सेवन करें।

**शुगर कंट्रोल करे :** ब्लड शुगर के मरीज डॉक्टर की सलाह लेकर रोजाना दालचीनी और हल्दी वाला दूध पीना बहुत फायदेमंद होता है। दालचीनी में मौजूद गुण शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। हल्दी और दालचीनी का सेवन ब्लड शुगर को कम करने के लिए किया जा सकता है।

**हड्डियों के लिए फायदेमंद :** हड्डियों को मजबूत बनाने और शरीर में कैल्शियम की कमी पूरा करने के लिए दालचीनी, हल्दी वाले दूध का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या में भी दालचीनी-हल्दी वाला दूध बहुत फायदेमंद माना जाता है।

## आज का राशिफल

### मेष
रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी, प्रसन्नता रहेगी। स्वयं के ही प्रयासों से जनप्रियता एवं मान-सम्मान मिलेगा। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा, नई योजनाएं बनेंगी।

### वृष
अप्रत्याशित खर्च होंगे। तनाव रहेगा। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम न लें। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र का विकास एवं विस्तार होगा। उपहार मिल सकता है। संतान की चिंता दूर होगी। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे।

### मिथुन
बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। यात्रा होगी। व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों से न उलझें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

### कर्क
वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रोजगार बढ़ेगा। सतर्कता से कार्य करें। संतान के व्यवहार से सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें। आर्थिक तंगी रहेगी। पूंजी संचय की बात बनेगी।

### सिंह
तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहायता से काम होंगे। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी। कामकाज की अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। रोमांस में सफलता मिलेगी, आपसी संबंधों को महत्व दें।

### कन्या
चोट व रोग से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। दूसरों पर विश्वास हानि देगा। कार्य में बाधा होगी। पत्नी से आश्वासन मिलेगा। स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे। मानसिक संतोष, प्रसन्नता रहेगी। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। दूसरों की नकल न करें। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### तुला
घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्यों में विलंब से चिंता होगी। मानसिक उद्विग्नता रहेगी। पारिवारिक जीवन संतोषप्रद रहेगा। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### वृश्चिक
संपति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्य के विस्तार की योजनाएं बनेंगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

### धनु
पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। प्रेम-संबंधों में सफलता मिलेगी। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

### मकर
शोक समाचार मिल सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। विवाद से बचें। मेहनत अधिक होगी। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएंगे। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे।

### कुंभ
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्य पूर्ण होंगे। आय बढ़ेगी। मनोरंजक यात्रा होगी। प्रसन्नता रहेगी। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

### मीन
पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न लें। लाभ होगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं। नई योजनाओं की शुरुआत होगी।

# महासंघ एकीकृत की कर्मचारी जागृति यात्रा का शुभारंभ

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य कर्मचारियों के आत्म सम्मान एवं हितों की रक्षा करने के लिए अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेश पदाधिकारियों की ओर से 8 जून से शुरू होने वाली कर्मचारी जागृति यात्रा का आज जयपुर में श्री गणेश हुआ। जागृति यात्रा महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गणेश मंदिर, मोती डूंगरी पहुंची और उनका आशीर्वाद लिया। कर्मचारी जागृति यात्रा के प्रस्थान पर महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों और 25 सूत्री लंबित मांगों की अनदेखी के विरोध में कर्मचारियों को जागृत करने के उद्देश्य से यह यात्रा प्रारंभ की जा रही है। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल में कर्मचारियों के लिए कुछ नहीं किया है। चिंताजनक बात यह है कि राज्य सरकार अब वर्षों से चली आ रही राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में सुधार करने के बजाय उसके निजीकरण की तैयारी में है। जिससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। उन्होंने आगे बताया कि संवादहीनता के चलते कर्मचारियों की 25 सूत्री न्यायोचित मांगे भी लंबित हैं। राठौड़ के अनुसार कर्मचारी जागृति यात्रा का कार्यक्रम 8 जून को दौसा, अलवर और भरतपुर। 9 जून को धौलपुरए करौली और सवाई माधोपुर। 10 जून को टोंकए बूंदी और कोटा। 11 जून को बारां और झालावाड़। 12 जून को भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और प्रतापगढ़।

13 जून को बांसवाड़ा, डूंगरपुर और उदयपुर। 14 जून को राजसमंद, ब्यावर और अजमेर। 17 जून को पाली सिरोही और जालौर। 18 जून को बाड़मेर, जैसलमेर और फलोदी। 19 जून को जोधपुर और नागौर। 23 जून को सीकर, झुंझुनू और चुरु। 24 जून को हनुमानगढ़ और गंगानगर। 25 जून को बीकानेर और डीडवाना। राठौड़ ने आगे बताया की महासंघ एकीकृत की प्रमुख मांगों में राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम आरजीएचएस के निजीकरण का विरोध। समर्पित अवकाश के नगद भुगतान सहित कर्मचारियों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा करना। चयनित वेतनमान 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष पर देना। मंत्रालयिक कर्मचारियों को द्वितीय पदोन्नति पर ग्रेड पे 4200 तथा आइसोलेटेड संवर्गों वाहन चालक, तकनीकी कर्मचारी एवं अन्य संवर्गों को पदोन्नति में आर्थिक लाभ प्रदान करना। संविदा कर्मियों एवं ठेका कर्मियों को नियमित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कराना। वेतन विसंगतियों का निराकरण कराना। महासंघ एकीकृत की लंबित 25 सूत्री मांगों का उच्च स्तरीय वार्ता के जरिए निराकरण । एवं बजट घोषणा की अनुरूप लंबित पदोन्नतियों हेके लिए आवश्यक अनुभव में 2 वर्ष की बिना शर्त अतिरिक्त छूट प्रदान करना आदि शामिल है।

# मैंगो फेस्टिवल 21 जून को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आरसीडब्ल्यूएस की ओर से आयोजित होने वाले मैंगो फेस्टिवल 2026 का पोस्टर शुक्रवार को ड्रीम इम्पैक्ट स्कूल में लॉन्च किया गया। इस दौरान आरसीडब्ल्यूएस के सदस्यों ने स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों के साथ समय बिताया और आत्मीय संवाद किया। इस कार्यक्रम में बच्चों और अतिथियों को हापुस, केसर और बंगनपल्ली सहित विभिन्न प्रसिद्ध आमों का स्वाद चखाया गया। साथ ही बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज मुदगिल मौजूद रहे। आरसीडब्ल्यूएस की फाउंडर संयोगिता शर्मा एवं दीपम शर्मा ने बताया कि मुख्य मैंगो फेस्टिवल 2026 का आयोजन 21 जून को आरआईसी में शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल में हापुस, केसर, बंगनपल्ली, दशहरी, लंगड़ा और चौसा सहित 20 से अधिक प्रजातियों के आमों का प्रदर्शन और स्वाद उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा आम और सेहत विषय पर विशेषज्ञों की स्वास्थ्य वार्ता, मैंगो क्वीन अवार्ड प्रतियोगिता तथा ड्रीम इम्पैक्ट स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजन का मुख्य आकर्षण होंगी। आयोजकों ने बताया कि फेस्टिवल का उद्देश्य स्वस्थ खानपान की आदतों को बढ़ावा देना और फलों के राजा आम की विविधता व पोषण संबंधी गुणों से लोगों को परिचित कराना है।

# पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में युवाओं ने दी आहुतियां

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दुर्गापुरा स्थित खवासजी का बाग कॉलोनी में एक नई लाइब्रेरी के शुभारंभ के पावन अवसर पर बुधवार को श्पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक और शैक्षणिक समागम में स्थानीय निवासियों सहित युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। लाइब्रेरी के उद्घाटन के उपलक्ष्य में आयोजित इस यज्ञ में विशेष रूप से वहां अध्ययन करने वाले युवक-युवतियों ने भाग लिया। युवाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित कर अपने उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र कल्याण की कामना की। इस दौरान पूरा परिसर गायत्री मंत्र के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। वैद्य सत्यदेव शर्मा, आनंद गौतम और गौरव शर्मा के विशेष सहयोग से आयोजित इस यज्ञ का सफल संचालन चेतना केन्द्र दुर्गापुरा के सुशील कुमार शर्मा एवं राजेश कुमार शर्मा द्वारा विधि-विधान से कराया गया। यज्ञ के साथ.साथ समाज को संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार और श्विद्यारंभ संस्कार भी निःशुल्क संपन्न कराए गए। इस अवसर पर युवाओं को प्रेरित करने के लिए एक विशेष साहित्य स्टाल भी लगाई गई, जिसमें नैतिक मूल्यों, महापुरुषों के जीवन और युवाओं के मार्गदर्शन से जुड़ी पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। इस धार्मिक एवं सामाजिक उत्सव को सफल बनाने में स्थानीय प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। कार्यक्रम में सीताराम पुजारी, अशोक प्रजापत, रविमोहन शर्मा, वीरेन्द्र कुमार विजयवर्गीय, सुदेश हाडिया, राज कुमारी शर्मा, पूनम जोशी, संतोष राठौड़ और मंजू गुप्ता सहित कई सेवाभावी नागरिकों ने अपना महत्वपूर्ण श्रमदान देकर सराहनीय भूमिका निभाई।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति को बचाने का लेंगे संकल्प


निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को राजधानी में पर्यावरण बचाने के लिए अनेक आयोजन किए जाएंगे। मुरलीपुरा क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा भावी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 7:45 बजे मुरलीपुरा की संस्कृति चिल्ड्रेन्स एकेडमी में पर्यावरण संरक्षण एवं जीव सेवा को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन से जुड़े अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण करना, प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। आयोजन के अंतर्गत औषधीय तुलसी के पौधों का वितरण एवं घर-घर पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा। साथ ही पक्षियों के संरक्षण के लिए पक्षीघर, बर्ड फीडर एवं परिंडे वितरित किए जाएंगे, जिससे भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों को सुरक्षित आश्रय तथा दाना-पानी उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में वृक्ष कथा, वसुंधरा पूजन एवं गौ पूजन जैसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। भारतीय संस्कृति में प्रकृति, वृक्षों और गौ सेवा के महत्व को पौराणिक कथाओं एवं प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बताया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को परमार्थ बताते हुए जनसामान्य से अधिकाधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा जीवों की सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया जाएगा। इस अवसर पर गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था एवं सेवा कार्य भी किए जाएंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, पर्यावरण प्रेमी, महिलाएं, युवा एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री बड़ पीपली धाम में शाम छह बजे से महंत प्रमेन्द्रनाथ महाराज के सान्निध्य में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। धाम के प्रवक्ता विक्रम सिंह रुंडल ने बताया कि इस मौके पर लोगों को तुलसी पौध, पक्षीघर, परिंडा, बर्ड फीडर का वितरण किया जाएगा।

### शक्तिपीठ में होगा पर्यावरण शुद्धि हवन

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में कल सुबह सात बजे पर्यावरण शुद्धि महायज्ञ होगा। इसमें विशिष्ट हवन सामग्री और समिधा का उपयोग किया जाएगा। चावल के दानों पर लिखा पर्यावरण बचाने का संदेश : चावल पर सूक्ष्म लेखन कलाकार निरू छाबड़ा ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता होए प्रत्येक प्राणी मात्र का कल्याण हो इस उद्देश्य से पर्यावरण एक चिंतन कृति बनाई है जिस पर चावलों पर लिखा है।

# श्रद्धालुओं को पिलाया आम का ज्यूस



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलो रोड स्थित अष्टविनायक धाम में अधिकमास पर बुधवार को श्रद्धालुओं को आम का जूस पिलाया गया। अंकुर आयुषी अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल व आना अग्रवाल की ओर से श्रद्धालुओं को आम का भंडारा कर आम का जूस पिलाया गया। पंडित राम व पंडित शम्भूदयाल के आचार्यत्व में विशेष पूजा अर्चना कर शाम को महाआरती की गई। इस अवसर पर सुरेश पूनिया, नन्दलाल खंडेलवाल, लीलाधर चोखानी, बालकृष्ण बेरीवाला, उमाशंकर शर्मा, सत्यनाराण खेतान, गोविंद स्वामी सहित बड़ी सख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात शब्द स्वरूप है भागवत महापुराण : शर्मा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी में द्वितीय ज्येष्ठ अधिकमास के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में बुधवार को गंगवाल पार्क में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। अधिकमास की चतुर्थी तिथि पर आयोजित इस कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ के पूजन और कलश स्थापना के साथ ही समूचा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर हो गया। कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ से सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. अनंत शर्मा ने भागवत महापुराण की महिमा पर प्रकाश डालते हुए इसे साक्षात हरि का स्वरूप बताया। उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत महापुराण वास्तव में भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात शब्द स्वरूप है। कलयुग में व्याप्त अज्ञान, अवसाद और तनाव रूपी अंधकार को मिटाने के लिए यह पावन ग्रंथ ज्ञान रूपी सूर्य के समान प्रकाशमान है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य का मन निर्मल हो जाता है और जीव को दिव्य आनंद व अनन्य भक्ति की प्राप्ति होती है। पंडित ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास जी ने इस महापुराण में भगवान श्रीकृष्ण की अलौकिक लीलाओं का ऐसा जीवंत वर्णन किया है, जिसे केवल सुनने या पढ़ने मात्र से भक्त को अपने आसपास स्वयं ईश्वर की उपस्थिति का साक्षात अनुभव होने लगता है। उन्होंने बताया कि इस महापुराण में 18000 श्लोक समाहित हैं, जो कलियुग में मानव मात्र के लिए मुक्ति और भक्ति प्राप्त करने का सबसे सरल, सुलभ और सिद्ध साधन हैं। भागवत कथा की यह विशेषता है कि इसके आयोजन स्थल पर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य तीनों एक साथ प्रकट होते हैं। गंगवाल पार्क आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भक्तों की सुविधा और अधिकमास के महत्व को देखते हुए इस कथा का आयोजन आगामी 9 जून तक प्रतिदिन दो सत्रों में किया जाएगा। प्रथम सत्रः प्रातः9 बजे से दोपहर 1 बजे तक व द्वितीय सत्ररू सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे तकआयोजित किया जाएगा। कथा के दौरान आने वाले दिनों में श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग और रुक्मिणी विवाह जैसे प्रसंग अत्यंत धूमधाम और झांकियों के साथ मनाए जाएंगे। प्रथम दिन की कथा में स्थानीय श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर बंशिया का किया सम्मान



निसं

**कांवट ( नवयत्न )।** जिले में हिन्दू समाज की एकता, समरसता विकास को लेकर कृतसंकल्पित विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज बंशिया का नई दिल्ली के राष्ट्रीय सेमिनार कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने विशेष सम्मान कर प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि सीकर जिले की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए मनोज बंशिया जैसे प्रखर और मजबूत नेतृत्व की हिंदू समाज को जरूरत है।

मनोज बंशिया समाजसेवा के क्षेत्र में सामाजिक सरोकार व सेवा आदि में जरुरतमंदो का सहयोग करते हैं। खंडेला क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने बंशिया को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रवीण कुमार लाटा, रंगलाल स्वामी, रामलाल स्वामी, दीपक चोटिया, विजय सेवदा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# कलश स्थापना के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** किशनपोल बाजार स्थित प्राचीन ठाकुर जुगल किशोर जी मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ कलश स्थापना और विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु ठाकुर जी के दरबार में अमृत वर्षा का लाभ उठाने पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य यजमानों द्वारा गणपति पूजन और व्यास पीठ के विशेष अर्चन के साथ हुई। इसके पश्चात भव्य कलश स्थापना की गई, जिससे पूरा मंदिर परिसर मंत्रोच्चार और जयकारों से गुंजायमान हो उठा। व्यास पीठ से सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं कथावाचक पं. आलोक भट्ट ने संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ श्रीमद् भागवत कथा की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रथम दिन के प्रसंगों की व्याख्या करते हुए कहा भागवत कथा केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि साक्षात श्रीहरि का वांग्मय स्वरूप है। कलयुग में इसके श्रवण मात्र से जीव का कल्याण संभव है। पंडित ने भगवान के 24 मुख्य अवतारों की दिव्य कथाओं का सजीव वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने राजा परीक्षित के जन्म की कथा, कलयुग के आगमन के कारण और परिस्थितियों के साथ-साथ भगवान की अनंत महिमा को रेखांकित कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, यह सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आगामी 8 जून तक निरंतर जारी रहेगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित की जा रही है, जिसमें रोज नए-नए और दिव्य प्रसंगों जैसे कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा और रुक्मिणी विवाह का वाचन किया जाएगा।

# फ्रेशर एवं फेयरवेल पार्टी आयोजित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** पाबोलाव मैदान स्थित गायत्री नगर में श्री बापूजी ग्रुप ऑफएजुकेशन, लाडनूं द्वारा फ्रेशर एवं फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेघालय कंस्ट्रक्शन के निदेशक सुरेश दीवान, कमला दीवान, नीरज कुमार गुर्जर, रेणु जैन, दुष्यंत एवं हर्षित उपस्थित रहे। कॉलेज निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुर्जर, कॉलेज चेयरपर्सन डॉ. ईशा गुर्जर, नर्सिंग ऑफिसर पिंकी पंवार, बी.एड. स्पेशल विभागाध्यक्ष नीतूवीर गुर्जर, प्रिंसिपल डॉ गौतम उपाध्याय, ईशोम गुर्जर और ओमेश गुर्जर ने मेहमानों का माला एवं चुनड़ी ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर नर्सिंग, आयुर्वेदा, पैरामेडिकल, स्पेशल बी.एड., बीएसटीसी एवं डी. फार्मा विभाग के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। सोनू एंड ग्रुप द्वारा नर्सों के कर्तव्य एवं सेवा भावना पर आधारित प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर सेवा एवं मानवता की शपथ दिलाई। कॉलेज में आयोजित स्पोर्ट्स वीक के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

# करंट से बचाव के लिए अजमेर डिस्कॉम ने जारी किए दिशा-निर्देश

बाबूबाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अजमेर डिस्कॉम के झुंझुनू वृत्त ने विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आमजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निगम ने लोगों से बिजली संबंधी उपकरणों एवं लाइनों के आसपास विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता एम के टीबडा ने बताया कि बिजली के खंभों को नहीं छूना चाहिए और न ही उनसे मवेशियों को बांधना चाहिए। साथ ही विद्युत लाइनों के नीचे किसी भी प्रकार के आयोजन से बचना चाहिए। नए भवनों का निर्माण करते समय बिजली लाइनों से निर्धारित दूरी बनाए रखना आवश्यक है।

किसानों को सलाह दी गई है कि खेतों से गुजरने वाली विद्युत लाइनों के नीचे चारा या अन्य कृषि उत्पादों का भंडारण न करें। फव्वारा पाइपों को खड़ी अवस्था में ले जाने के बजाय आड़ी अवस्था में ही लाइनों के नीचे से निकालें। खेतों में जानवरों को रोकने के लिए फेंसिंग या कांटेदार तारों में करंट प्रवाहित नहीं करें तथा खेत या मेड़ पर लगे बिजली खंभों से सुरक्षित दूरी बनाकर ही कृषि कार्य करें। डिस्कॉम ने कहा कि खंभों पर स्पार्किंग होने, बारिश के दौरान तेज चिंगारियां निकलने, तारों के ढीले होने या पोल के टेढ़े होने जैसी स्थिति दिखाई देने पर तुरंत संबंधित फीडर इंचार्ज या जेईएन को सूचना दें। ऐसे स्थानों से दूर रहें और दूसरों को भी सावधान करें। अधिकारियों ने बिजली तारों के पास स्थित पेड़ों पर नहीं चढ़ने, बांस से कुंडी नहीं डालने तथा बड़े वाहनों की छत पर यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। साथ ही बिजली के खंभों को चारदीवारी में लेकर अतिक्रमण नहीं करने का भी आग्रह किया गया है। घरेलू सुरक्षा के लिए अच्छी गुणवत्ता एवं बीआईएस मार्क वाले स्विच, एमसीबी और ईएलसीबी का उपयोग करने, उचित अर्थिंग कराने तथा बिना जानकारी के किसी विद्युत उपकरण को खोलने या छूने से बचने की सलाह दी गई है। बारिश के मौसम में नमी के कारण करंट लगने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए ट्रांसफार्मर, पोल, लाइन और स्टे तारों से दूरी बनाए रखना जरूरी है। डिस्कॉम ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति करंट की चपेट में आ जाए तो सबसे पहले बिजली आपूर्ति बंद कराएं। इसके बाद स्वयं सुरक्षित रहते हुए सूखे प्लास्टिक या लकड़ी के इंसुलेटेड डंडे की सहायता से पीड़ित को करंट के स्रोत से अलग करने का प्रयास करें। किसी भी आपात स्थिति, पोल के टेढ़े होने या विद्युत संबंधी शिकायत के लिए अजमेर डिस्कॉम के टोल फ्री नंबर 1800-180-6565, झुंझुनू वृत्त शिकायत केंद्र 01592-232790 तथा मोबाइल नंबर 7014339382 पर सूचना देने की अपील की गई है।

# पर्यावरण मित्र सम्मान-2026 से सम्मानित होंगे मनरेगा लोकपाल रैगर

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** लोकपाल मनरेगा चुरू लाल चन्द रैगर को विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 2026 को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर अग्रणी स्वयंसेवी संस्था कमलादेवी जनसेवा संस्थान सीकर के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर श्पर्यावरण मित्र सम्मान-2026 से सम्मानित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि श्री रैगर के द्वारा राजस्थान के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता, पक्षियों के लिए परिंडे लगवाने, जल संरक्षण की जागरूकता के साथ ही सामाजिक विकास के विभिन्न परियोजनाओं से जुड़कर समाज में शिक्षा की जागरूकता लाते हुए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, आदिवासी क्षेत्रों में शराबबन्दी आन्दोलन के माध्यम से शराब का सेवन नहीं करने हेतु समाज में बदलाव करने, वंचित वर्ग के समुदाय एवं श्रमिकों को उनके हक एवं अधिकार दिलवाने में मदद करने, युवाओं को नंशा के उपयोग से होने वाले शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थय पर पड़ने वाले प्रभावों को समझाने, खासतौर पर आदिवासी एवं गरीब परिवारों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण करने, किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण, पोषण की जागरूकता से सम्बन्धित कार्य किये है।

# टैक्सी चालकों ने भरी हुंकार : मांगें नहीं मानीं तो करेंगे आंदोलन




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश के टैक्सी संचालकों और ड्राइवरों की समस्याओं को लेकर ऑल राजस्थान कार टैक्सी एसोसिएशन ने सरकार से 11 सूत्रीय मांगें पूरी करने की मांग की है। संगठन ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर के टैक्सी संचालक आंदोलन करेंगे और आगामी चुनावों के बहिष्कार पर भी विचार किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सिंह महरौली ने बताया कि टैक्सी व्यवसाय से जुड़े लोग लंबे समय से आर्थिक और प्रशासनिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ज्ञापन में पेट्रोल-डीजल की कीमतों का वर्ष में केवल एक-दो बार निर्धारण करने, टैक्सी संचालन के लिए न्यूनतम किराया तय करने तथा ऑनलाइन चालान व्यवस्था समाप्त करने की मांग की गई है। संगठन ने अन्य राज्यों की तर्ज पर बाहरी राज्यों की टैक्सियों के आगमन और टूर संचालन पर नियंत्रण लगाने, पुराने चालानों को माफकरने तथा ओला-उबर जैसी एप आधारित कंपनियों के लिए ड्राइवर हितैषी नीति लागू करने की मांग भी उठाई है। इसके अलावा प्रदेश में नए टैक्सी स्टैंड विकसित करने, होटलों में टैक्सी चालकों के लिए शौचालय और रात्रि विश्राम की व्यवस्था अनिवार्य करने तथा प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ड्राइवरों के लिए विश्राम गृह बनाने की मांग की गई है। ज्ञापन में टैक्स प्रणाली को सरल और वार्षिक बनाने के साथ ही टैक्सी उद्योग को सरकारी अनुदान देने की भी मांग रखी गई है। संगठन का कहना है कि यह क्षेत्र बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है, इसलिए सरकार को इस क्षेत्र के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष महरौली ने कहा कि यदि सरकार ने मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया तो प्रदेशभर के टैक्सी चालक और संचालक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि संगठन आगामी चुनावों के बहिष्कार सहित व्यापक जन आंदोलन की रणनीति भी बना सकता है।

# प्रेगनेंट महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं ये ड्रिंक्स

गर्भावस्था महिलाओं के लिए अपनी जिंदगी का सबसे प्यारा सफर होता है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को मतली, मूड स्विंग, तनाव आदि का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा थकान, कमजोरी आना भी अकसर प्रेगनेंसी में देखा जाता है। वैसे तो गर्भावस्था में सभी महिलाएं हेल्दी फूड्स डाइट लेती हैं, लेकिन आपको इस दौरान लिक्विड डाइट को भी जरूरी समझना चाहिए। क्योंकि सामान्य स्थिति की तरह ही गर्भवती होने पर भी लिक्विड लेना जरूरी होता है। लिक्विड लेने से आप हमेशा फिट, हेल्दी और हाइड्रेटेड रहेंगी। अगर आप गर्भवती हैं, तो लिक्विड डाइट के लिए कुछ ड्रिंक्स पी सकती हैं।

## नारियल पानी

सभी लोगों के लिए नारियल पानी पीना काफी लाभकारी होता है। गर्भावस्था में नारियल पानी को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें इलेक्ट्रोलाइट्स और मिनरल्स भरपूर होते हैं। यह बच्चे के विकास में मदद करता है। नारियल पानी डिहाइड्रेशन, कब्ज और हीट स्ट्रोक से भी बचाता है।



## फ्रूट मॉकटेल

गर्भावस्था में फलों का सेवन करना फायदेमंद होता है। अगर आप किसी पार्टी में हैं, तो फलों के रस से मॉकटेल बना सकती हैं। मॉकटेल को आप अपने हाथों से फलों के रस से बनाएं। इस दौरान आपको शराब, बीयर आदि के सेवन से परहेज करना चाहिए।



## स्मूदी

गर्भावस्था के दौरान स्मूदी महिलाओं के लिए बेस्ट नाश्ता हो सकता है। यह गर्भवती महिलाओं की विटामिन, मिनरल्स और प्रोटीन की जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है। इसके लिए आप केला, स्ट्रॉबेरी, कीवी, सेब आदि की स्मूदी बनाकर पी सकती हैं।

## छाछ

गर्मियों में छाछ पीना काफी फायदेमंद माना जाता है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी छाछ पीना उपयोगी होता है। छाछ प्रेगनेंसी में होने वाले कब्ज को ठीक करने में मदद करता है। साथ ही शरीर को ठंडक भी देता है।



## नींबू पानी

गर्मियों में नींबू पानी पीते ही शरीर को ठंडक मिलती है, फ्रेश और अच्छा महसूस होता है। अगर आप गर्भवती हैं, तो भी नींबू पानी का सेवन कर सकती हैं। नींबू पानी मतली को रोकने में मदद करता है। इससे बॉडी डिटॉक्सिफाई होती है। साथ ही मूड स्विंग को भी ठीक रखता है।



## पानी

गर्भावस्था में पर्याप्त मात्रा में पानी पीनी बहुत जरूरी होता है। पानी पीने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं, शरीर भी हाइड्रेटेड रहता है। पानी पीने से मिचली, मूड बेहतर रहता है। आप चाहें तो पानी को हेल्दी तरीके से पी सकती हैं, जैसे इसमें पुदीना, नींबू आदि मिलाकर। प्रतिदिन 3-4 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए।



## दूध

गर्भवती महिलाओं के लिए दूध पीना काफी फायदेमंद होता है। अकसर घर के बड़े, बुजुर्ग गर्भवती होने पर दूध पीने की सलाह देते हैं। दूध में कैल्शियम, विटामिन बी12 और प्रोटीन से भरपूर होता है, जो अजन्मे बच्चे के बेहतर विकास में मदद करता है। अगर आप लैक्टोज इनटॉलेरेंट हैं, तो दूध के बजाय सोया दूध पी सकते हैं। इसमें भी प्रोटीन और कैल्शियम भी अधिक होता है, जो आपके बच्चे के बेहतर हड्डियों के विकास में मदद करता है।

# अंजीर को ऑलिव ऑयल में भिगोकर खाने से मिलते हैं कई फायदे

ऑलिव ऑयल के साथ अंजीर के फायदे क्या होते हैं? क्या आपके मन में इस तरह का सवाल है? क्या आपने कभी अंजीर और जैतून के तेल का एक साथ सेवन किया है? आपको बता दें कि ऑलिव ऑयल और अंजीर दोनों की शरीर के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। इनके सेवन से शरीर की कई परेशानियां दूर होती हैं। हालांकि, कई लोग इसका सेवन अलग-अलग रूप में करते हैं। लेकिन अगर आप इन दोनों का सेवन एक साथ करते हैं, तो यह आपके शरीर की कई समस्याओं को नैचुरल तरीके से दूर रखने में मददगार हो सकता है। अंजीर को जैतून के तेल में डुबोकर खाने से शरीर को कई तरह के पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। इससे आपकी पाचन शक्ति मजबूत होती है। साथ ही यह आपकी हड्डियों को मजबूत रखता है।





## वजन घटाने में असरदार है अंजीर

शरीर के बढ़ते वजन से अगर आप परेशानी हैं, तो अंजीर को जैतून तेल में डुबोकर खाएं। यह फाइबर का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। इसके अलावा अंजीर और ऑलिव ऑयल कब्ज की परेशानी को दूर करने में आपकी मदद कर सकते हैं। इतना ही नहीं, यह गुड बैक्टीरिया के विकास को भी बढ़ावा देता है, जिससे आपकी पाचन क्रिया दुरुस्त हो सकती है।

## कैल्शियम स्रोत

शरीर में कैल्शियम की पूर्ति के लिए अंजीर का सेवन काफी लाभकारी हो सकता है। अंजीर कैल्शियम की पूर्ति करने में आपकी मदद कर सकता है। इससे आपके शरीर की हड्डियां मजबूत होती हैं। साथ ही यह दांतों को स्वस्थ रखने में लाभकारी हो सकता है। वहीं, ऑलिव ऑयल भी आपकी हड्डियों के लिए फायदेमंद हो सकता है। अगर आप कैल्शियम की प्राप्ती के लिए किसी अच्छे स्त्रोत की तलाश कर रहे हैं, तो अंजीर और ऑलिव ऑयल का सेवन करें। खासतौर पर अगर आपको डेयरी प्रोडक्ट्स से एलर्जी की शिकायत है, तो आप इसे अपने डेली आहार में शामिल कर सकते हैं।

## हृदय स्वास्थ्य के लिए बेहतर

अंजीर और जैतून का तेल दिल से संबंधित परेशानी को दूर करने में प्रभावी हो सकता है। दरअसल, अंजीर में घुलनशील फाइबर होता है, जो आपके ब्लड में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में प्रभावी हो सकता है। इसके साथ ही ऑलिव ऑयल और अंजीर फिनोल, ओमेगा 3 और ओमेगा 6 फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो दिल से जुड़ी बीमारियों को दूर करने में प्रभावी हो सकता है। वहीं, एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल में मोनो-सैचुरेटेड फैटी एसिड की मात्रा काफी ज्यादा होती है, जो हृदय रोग के जोखिम को कम करने में आपकी मदद कर सकता है। अगर आप नियमित रूप से अंजीर और ऑलिव ऑयल का सेवन करते हैं, तो यह आपके लिए काफी लाभकारी हो सकता है।

## अल्जाइमर रोगियों के लिए लाभकारी

अंजीर और ऑलिव ऑयल अल्जाइमर जैसे न्यूरोजिकल रोगों के लिए काफी बेहतरीन डाइट हो सकता है। इससे आपकी मानसिक समस्याएं भी काफी हद तक कंट्रोल हो सकती हैं। अगर आपको अल्जाइमर या फिर कोई न्यूरो संबंधी परेशानी है, तो नियमित रूप से अंजीर और ऑलिव ऑयल को अपने हार में शामिल करें।

## फ्री रेडिकल्स से करे बचाव

अंजीर और ऑलिव ऑयल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचा सकता है। इसके सेवन से पुरानी बीमारियों का खतरा कम किया जा सकता है। अंजीर और ऑलिव ऑयल शरीर में रक्त के पीएच स्तर को संतुलित करने में भी आपकी मदद कर सकते हैं, जिससे कई तरह की बीमारियां दूर हो सकती हैं।

# अच्छी और गहरी नींद के लिए खाएं ये फल, सेहत को मिलेंगे कई फायदे

कई लोगों को स्ट्रेस और चिंता के कारण रात को ठीक से नींद नहीं आती है। उसके बाद पूरा दिन वे काम के दौरान या तो थके हुए नजर आते हैं या उन्हें बार-बार सोने का मन करता है। ऐसी अवस्था में उनका काम और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होता है। इसके अलावा आपके भोजन का पाचन सही ढंग से नहीं हो पाता है। चेहरे पर थकान और निद्रा दिखाई देती है। इसके अलावा आपको कई तरह की परेशानियां भी होने लगती है। दरअसल अच्छी नींद के लिए मेलाटोनिन का स्त्राव जरूरी होता है। अगर आप बहुत अधिक सोचते हैं या अपने काम को लेकर परेशान रहते हैं, तो आपके साथ धीर-धीरे ये दिक्कत हो सकती है कि आपको रात में नींद न आए या फिर हाई ब्लड प्रेशर और कई अन्य बीमारियों में भी लोग रात में अच्छी नींद लेने के लिए तरस जाते हैं। ऐसे में आप कुछ खास फल का सेवन कर सकते हैं, जिससे आपको रात या दिन में थोड़ी देर के लिए अच्छी नींद आ सके। हालांकि इन फलों का सेवन करने से पहले अपनी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार अपने डॉक्टर से जरूर सलाह लें ताकि अपनी स्थिति के अनुसार आपका इनका सेवन कर सकें।



**केला :** केला खाने में बेहद स्वादिष्ट फल होता है लेकिन यह आपकी गहरी नींद के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। दरअसल केले विटामिन बी 6 पाया जाता है, जो सेरोटोनिन के स्तर के साथ-साथ पोटेशियम और मैग्नीशियम को बढ़ाते हैं, जो अत्यधिक तनावग्रस्त मांसपेशियों को आराम दिलाने में मदद करते हैं। यदि आप बेचैनी के कारण सो नहीं पा रहे हैं, तो अक्सर इसका कारण मैग्नीशियम की कमी होती है। इसलिए आप अच्छी नींद के लिए केले का सेवन कर सकते हैं।

**कीवी :** कीवी एक खट्टा-मीठा फल होता है, जिसे लोग अच्छे स्वास्थ्य के लिए खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि कीवी खाने से आपको बेहतर नींद आ सकती है। आप सोने से दो या तीन घंटे पहले कीवी का सेवन कर सकते हैं। इससे आपको रात में अच्छी नींद आ सकती है। यह आपके शरीर में सेरोटोनिन स्तर को बनाए रखने, फोलेट की कमी को दूर करने और कई एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भर देता है। साथ ही इसमें विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है।

**गाजर :** गाजर आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे आंखों की रोशनी अच्छी बनी रहती है लेकिन गाजर में पाए जाने वाले अल्फा-कैरोटीन आपकी बेहतर नींद लेने में भी मदद कर सकते हैं। इसमें सबसे शक्तिशाली कैरोटीनॉयड पाए जाते हैं, जो बेहतर नींद के लिए मददगार साबित हो सकते हैं। इसका सेवन आप सलाद के रूप में भी कर सकते हैं। इससे कई अन्य फायदे भी मिलते हैं।

**संतरा :** संतरा आपके शरीर में मेलाटोनिन के स्तर को बढ़ा सकता है, जो नींद के लिए बेहद जरूरी होता है। साथ ही यह विटामिन बी का भी अच्छा स्त्रोत है, जिसकी मदद से आप चिंता और डिप्रेशन से दूर रह सकते हैं। यह आपके सोने के घंटों और बेहतर नींद के चक्र में सुधार करने के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। यह मस्तिष्क में होने वाली क्रियाओं में भी मदद करता है, जिससे आप सारी चिंता भूलकर चैन से सो पाते हैं।

## अनानस

अनानस का भी खट्टा-मीठा स्वाद लोगों को खूब पसंद आता है। यह आपके शरीर में मेलाटोनिन को बूस्ट करने में मदद करता है और अनिद्रा को दूर भगा सकता है। अनानस खाने के बाद आपके शरीर में मेलाटोनिन के स्तर में वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा अनानस पाचन में भी सहायक होता है, जिससे आप अंदर से स्वस्थ महसूस करते हो। इससे पेट दर्द के कारण अगर आपको नींद नहीं आती है, तो वह समस्या भी ठीक हो सकती है।

# हरा धनिया और शहद से बनाएं बेहतरीन हेयर पैक, टूटते बालों से मिलेगा छुटकारा और उगेंगे नए बाल

लंबे व मजबूत बाल पाने के लिए अक्सर महिलाएं बाजार में मिलने वाले तरह-तरह के उत्पाद लगाती हैं। लेकिन यह उत्पाद केमिकल युक्त होने के कारण कई बार बालों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। हरे धनिया और शहद से बनाया गया हेयर पैक पूरी तरह से नेचुरल होने के कारण आपके बालों को किसी तरह से कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। इसे लगाने से आपके बाल मजबूत बनते हैं। इससे आपके बालों का झड़ना भी कम होता है।



## बालों के लिए हरे धनिया के फायदे

हरा धनिया सिर्फ खाने को सजाने का काम नहीं करता यह आपके बालों को मजबूत बनाने के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। विटामिन ए, बी12 और डी के गुणों से भरपूर हरा धनिया नेचुरल डिटॉक्सिफायर के तौर पर काम करता है। इसमें एंटी फंगल और एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं जो बालों की गहराई से सफाई करते हैं। इसमें मौजूद आयरन, सोडियम और मैग्नीशियम बालों को मजबूती देने का काम करते हैं।

## बालों के लिए शहद के फायदे

शहद खाने में जितना स्वादिष्ट होता है उतना ही यह आपके बालों के लिए गुणकारी होता है। इसका इस्तेमाल करने से स्कैल्प की नमी बनाए रखने में मदद मिलती है। इसके एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटीऑक्सीडेंट गुण डैंड्रफ की समस्या से राहत दिलाने में कारगर होते हैं। यह बालों के झड़ने की दिक्कत को दूर करता है। यह बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर होता है।

## हरे धनिया और शहद का हेयर पैक बनाने की विधि

- हरे धनिया और शहद का पैक बनाने के लिए सबसे पहले हरा धनिया लें।
- हरे धनिया को साफ पानी से धोने के बाद इसे पीस लें।
- पिसे हुए हरे धनिया का एक गाढ़ा पेस्ट तैयार हो जाएगा। इसे एक कटोरी में निकालकर इसमें शहद मिलाएं।
- अब इस पेस्ट में नारियल का तेल डालकर अच्छे से मिक्स करें।

# नीम के फूल का शरबत पीने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

नीम को आयुर्वेद में बहुत ही कारगर औषधि माना जाता है। नीम में मौजूद गुण शरीर के लिए कई तरीके से फायदेमंद माने जाते हैं। नीम का इस्तेमाल कई तरह की दवाओं को बनाने में भी किया जाता है। नीम की पत्तियां, तना, जड़, फूल और फल सभी शरीर के लिये बहुत फायदेमंद होते हैं। नीम की पत्तियों का रोजाना सेवन करने से खून साफ करने से लाकर स्किन को बेहतर बनाने तक में बहुत फायदा मिलता है। इसमें मौजूद एंटी फंगल गुण, एंटीइंफ्लेमेटरी गुण और एंटी बैक्टीरियल गुण शरीर के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। नीम के फूलों का इस्तेमाल भी कई गंभीर समस्याओं को दूर करने में बहुत फायदेमंद होता है। नीम के फूल का शरबत सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नीम के फूल का इस्तेमाल दक्षिण भारत में कई तरह के व्यंजनों को बनाने में भी किया जाता है। हैदराबाद में सबसे ज्यादा नीम के फूलों का इस्तेमाल शरबत बनाने के लिए किया जाता है। इसका शरबत गर्मी के मौसम में शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नीम के फूल का शरबत पेट को बेहतर और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए बहुत उपयोगी होता है।



**पेट के लिए बहुत फायदेमंद :** नीम के फूल में मौजूद गुण पेट के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें मौजूद गुण पेट को साफ और पाचन तंत्र को हेल्दी रखने के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं। कब्ज, गैस और अपच की समस्या में नीम के फूलों का इस्तेमाल बहुत उपयोगी होता है। इसका सेवन करने से आप पेट में मौजूद कीड़ों की समस्या को भी दूर कर सकते हैं। कुल मिलाकर ये कह सकते हैं नीम के फूलों का शरबत पेट को पूरी तरह से हेल्दी रखने के लिए फायदेमंद होता है।

**स्किन से जुड़ी समस्याओं में बहुत उपयोगी :** नीम के फूलों में एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी सेप्टिक गुण पाए जाते हैं। स्किन से जुड़ी समस्याओं में नीम के फूलों का शरबत पीना बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से चेहरे पर दानें, एक्ने, पिंपल्स आदि की समस्या में बहुत फायदा मिलता है। स्किन पर इन्फेक्शन की समस्या को दूर करने के लिए भी नीम के फूलों का शरबत पीना चाहिए। नीम के फूलों का शरबत पीने से आपकी स्किन ग्लोइंग और समस्याओं से मुक्त होती है।

**शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने में उपयोगी :** नीम के फूलों में मौजूद गुण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इसका नियमित सेवन करने से आपके शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है और इससे आपकी सेहत को फायदा मिलता है। आज के समय कोरोनावायरस संक्रमण भी सबसे पहले उन लोगों में हो रहा है जिनके शरीर की इम्यूनिटी कमजोर है। दरअसल शरीर की इम्यूनिटी खानपान और लाइफस्टाइल के कारण प्रभावित होती है। शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए नीम के फूलों का शरबत पीना बहुत फायदेमंद होता है।

**गर्मी के मौसम में सेहत के लिए फायदेमंद :** गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान के कारण सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याएं होती हैं। इस मौसम में बढ़ते तापमान के प्रभाव से शरीर को बचाने के लिए नीम के फूलों का शरबत पीना बहुत फायदेमंद होता है।

# जल संरक्षण को 365 दिन का जन संकल्प बनाना होगा : भाम्बू

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले में चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के क्रम में बुधवार को अजमेर डिस्कॉम की ओर से झुंझुनू में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक राजेंद्र भांबू, जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, अभियान के जिला समन्वयक विश्वंभर पूनियां, जिला संयोजक राकेश शर्मा, कमलकांत शर्मा, पुरुषोत्तम खाजपुरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। एसई कार्यालय परिसर में अतिथियों ने पीपल एवं जल पूजन किया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान आमजन को पौधों का वितरण भी किया गया। एसई महेश टीबड़ा ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर के विद्युत ग्रिड सब-स्टेशनों पर श्रमदान किया गया। साथ ही ट्रांसफॉर्मरों के आसपास सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरू किया गया यह अभियान अब केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा। बल्कि जन आंदोलन का रूप ले चुका है। लोगों द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान कुछ दिनों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। बल्कि वर्ष के 365 दिनों तक इसकी भावना को अपनाया जाना चाहिए। यदि हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि घर का पानी घर में खेत का पानी खेत में और दफ्तर का पानी दफ्तर में ही संचित होगा, तो जल संरक्षण की दिशा में बड़े परिणाम सामने आएंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जल संचयन, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

# पेयजल संकट को लेकर सौंपा ज्ञापन



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** खाटूश्यामजी रोड पर स्थित श्रीराम कॉलोनी में लंबे समय से व्याप्त पेयजल संकट से परेशान कॉलोनीवासियों ने बुधवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि श्रीराम कॉलोनी एक विकसित आवासीय क्षेत्र है, जहां लगभग 60 परिवार निवास करते हैं। पिछले दो वर्षों से कॉलोनीवासी पेयजल की गंभीर समस्या का सामना कर रहे हैं। कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने और अनुरोध करने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि विभाग की ओर से बार-बार आश्वासन दिया जाता रहा है कि खाटूश्यामजी रोड पर स्थित श्रीराम कॉलोनी की पेयजल लाइन को मुख्य लाइन से जोड़कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी लेकिन लंबे समय से केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में पानी की कमी के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से कॉलोनीवासियों ने मांग की कि लगभग 800 मीटर क्षेत्र में नई पाइपलाइन बिछाकर कॉलोनी में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। इस अवसर पर पोखर महला, मनोज शर्मा, सतीश चंद्र मिश्रा, पिंटू दयाल शर्मा, फूलचंद कुमावत, हरफूल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, पप्पू महला, नरेश शर्मा, झाबरमल, बंशीधर, योगेंद्र, गोविंद, कैलाशचंद, जुगल सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी एवं महिलाएं उपस्थित रही। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद सहायक अभियंता ने कॉलोनीवासियों को आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा समस्या का गंभीरता से संज्ञान लिया गया है तथा जल्द ही आवश्यक कार्रवाई कर पेयजल संकट का समाधान किया जाएगा। कॉलोनीवासियों ने उम्मीद जताई कि विभाग शीघ्र सकारात्मक कदम उठाकर क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान करेगा, जिससे लोगों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** बुधवार प्रातः घोड़ीवारा के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर पुलिस पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान पंजी का बास फूसकानी निवासी मनोज कुमार उम्र 41 वर्ष के रूप मे हुई। मृतक के परिजन प्रकाश चंद ने पुलिस में मर्ग दर्ज करवाई की मनोज मेरा चाचा का लड़का घर से ट्रेन से सीकर जाने के लिए निकला था जिसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## आम सूचना

मैं सुरेन्द्र पुत्र हरिराम, जाति-जाट, निवासी-अमरपुरा, तहसील-मलसीसर, जिला-झुंझुनू (राज.)। मेरा ए-50 बसंत बिहार झुंझुनू में स्वयं का प्लॉट स्थित है। यह कि दिनांक 20-05-2026 को झुंझुनू से अमरपुरा जाते समय उक्त प्रोपर्टी के कागजात बस में चढ़ते समय मण्डावा मोड़ पर कहीं गुम हो गए जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले अगर किसी को मिले तो उपरोक्त पत्ते पर सम्पर्क करें।
**मो. नं. 9351305933**

## कार्यालय ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा पंचायत समिति पाटन

क्रमांक : 62 दिनांक : 3.6.26

**ई-निविदा/खुली बोली सूचना 02/2026-27**

Bid for rate contract of material procurement in varies con-struction works under MGNAREGA and other scheme for gy 2026-27 are invited from interested bidders till date 08-06-2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portel (http:sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is rs: 3000000/-
UBN No.- PKP2627GLRC00053

**प्रशासक** ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा पंचायत समिति पाटन
**ग्राम विकास अधिकारी** ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा पंचायत समिति पाटन

# नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, रामप्रताप अंजना देवी कयाल हेल्प ट्रस्ट की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 81 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया।

क्लब के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 90 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 42 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रैफर किया गया, जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा, साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी तथा चश्मे भी नि:शुल्क दिये जायेगें। इस मौके पर शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉक्टर नील कांकरिया, अजीत सिंह तंवर, आप्टम तनिष्का, सौरभ पारीक, सविता, हरप्रीत, पूर्व सह प्रान्तपाल डॉ माधव सिंह, गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, दीनदयाल सतीजा तथा गोकुल शर्मा अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। बताया गया है कि आज के शिविर में पिछले शिविर के आपरेशन हो चुके 44 मरीजों को नि:शुल्क नजर के चश्में दिये गये। इससे पहले आयोजित 79 शिविरों में 7405 मरीजो का पंजीकरण किया जाकर उनमें से 2494 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। इस तरह का नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्ययारोपण शिविर क्लब द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है। अगला 82 वां शिविर 1 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

# सैनी शेखावाटी संभाग प्रभारी नियुक्त



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा ग्राम पंचायत की बाढ की ढाणी निवासी बाबूलाल सैनी को सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा का शेखावाटी संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया। सूर्यवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट डॉ महेश कुमार सैनी ने संगठन का विस्तार करते हुए बाबूलाल सैनी को यह नियुक्ति प्रदेश मीडिया प्रभारी सुभाष चौबदार की अनुशंसा पर की गई। सैनी को शेखावाटी संभाग प्रभारी नियुक्त होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# जेईई में चयन होने पर विद्यार्थी का किया सम्मान

निसं



**बिसाऊ ( नवयत्न )।** राजस्थान पीजी कॉलेज बिसाऊ के बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र योगेश कुमार प्रजापत पुत्र बनारसी लाल प्रजापत मलसीसर का चयन जेईई में होने पर संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह ने विद्यार्थी का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया। योगेश कुमार ने जेईई मैन्स में 97.54 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस मौके पर संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह ने विद्यार्थी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि छात्र के पिता मजदूरी कर बच्चों को पढ़ाया है आज उनके परिवार में खुशी का माहौल है। इस मौके पर स्टाफ प्यारेलाल, सतपाल सिंह, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत ओडिन्ट पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/03 दिनांक: 2/6/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 09/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत ओडिन्ट में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदायें निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0339
UBN-ZNR2627GLOB00493

प्रशासक ग्राम पंचायत ओडिन्ट पंचायत समिति लाडनूँ
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ओडिन्ट पंचायत समिति लाडनूँ

## कार्यालय ग्राम पंचायत तोगडा कलां पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/32 दिनांक :- 02-06-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 30.00 | ZJU2627A 0249 | ZJU2627GLRC 00435 | 2026_PRD_ 564482_1 |

प्रशासक ग्राम पंचायत तोगडा कलां पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत तोगडा कलां पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवगांव नुआं पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/363 दिनांक :- 02-06-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1/2026 -27 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 30.00 | ZJU2627A 0251 | ZJU2627GLRC 00437 | 2026_PRD_ 564486_1 |

प्रशासक ग्राम पंचायत देवगांव नुआं पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देवगांव नुआं पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत निवाई पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/196 दिनांक :- 02-06-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1/2026 -27 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 30.00 | ZJU2627A 0250 | ZJU2627GLRC 00436 | 2026_PRD_ 564477_1 |

प्रशासक ग्राम पंचायत निवाई पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत निवाई पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत कारी पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/109 दिनांक :- 01-06-2026

**ई-निविदा सूचना 2026-27**

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0252 | ZJU2627GLRC 00438 | 2026_PRD_ 564494_1 |

प्रशासक ग्राम पंचायत कारी पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कारी पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

# विश्व साइकिल दिवस पर एयू जयपुर साइक्लोथॉन का हुआ आगाज

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार को सस्टेनेबल मोबिलिटी, सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं साइक्लिंग संस्कृति विषय पर आयोजित विशेष टॉक शो के साथ एयू जयपुर साइक्लोथॉन-2026 अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, साइक्लिस्टों और फिटनेस प्रेमियों ने भाग लेकर साइक्लिंग को स्वस्थ, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ परिवहन के रूप में अपनाने का आह्वान किया। यह पहल संस्कृति युवा संस्था, जयपुर रनर्स क्लब और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट आईआईईएमआर द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक एवं इटरनल हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण एयू जयपुर साइक्लोथॉन-2026 के पोस्टर का विमोचन रहा। पोस्टर का अनावरण जयपुर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच, डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज, संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा, पूर्णिमा विश्वविद्यालय की निदेशक एवं प्रख्यात साइक्लिस्ट रेनू सिंघी, उत्तर पश्चिम रेलवे के शशि किरण, इटरनल हॉस्पिटल के वरिष्ठ महाप्रबंधक नितेश तिवारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा, आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के रीजनल हेड हिमांशु सारस्वत सहित अन्य अतिथियों ने किया। योगेश दाधीच ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदार व्यवहार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे अभियान सुरक्षित सड़कों और आपसी सम्मान की संस्कृति विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डीसीपी राजर्षि राज ने कहा कि साइक्लिंग फिटनेस के साथ अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता की भावना को भी मजबूत करती है। रेनू सिंघी ने साइक्लिंग के शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय लाभों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं और युवाओं से इसमें सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। वहीं नितेश तिवारी ने कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधियां जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम हैं और साइक्लिंग बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरल एवं प्रभावी विकल्प है। पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि एयू जयपुर साइक्लोथॉन अब फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का जनआंदोलन बन चुका है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने इसे सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाला अभियान बताया। आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने बताया कि 3 से 7 जून तक चलने वाले अभियान के तहत 5 जून को मेगा पौधारोपण अभियान, 6 जून को बिब एक्सपो एवं साइक्लिंग अवॉर्ड्स समारोह तथा 7 जून को भव्य एयू जयपुर साइक्लोथॉन-2026 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों साइक्लिस्ट, विद्यार्थी, फिटनेस प्रेमी और नागरिक भाग लेंगे। रेडियो जॉकी आरजे मोहित के संचालन में आयोजित कार्यक्रम का समापन साइक्लिंग संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने जयपुर को अधिक स्वच्छ, हरित और सक्रिय शहर बनाने का संकल्प दोहराया।

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर बुधवार को तहसीलदार चंद्रशेखर टॉक को ज्ञापन सौंपा। पूर्व पार्षद मंगलाराम वाल्मीकि के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने 11 सूत्री मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि 4 जून तक समाधान नहीं हुआ तो 5 जून से सांकेतिक धरना और कार्य बहिष्कार शुरू किया जाएगा। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें प्रत्येक माह निर्धारित समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा वर्ष 2023, 2024 और 2026 के बकाया डीए तथा एरियर का भुगतान शीघ्र करवाने की मांग भी की गई। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि अप्रैल 2026 में 27 कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया था, जिसका भुगतान अब तक नहीं हुआ है। साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर हादसे का शिकार हुए सफाई कर्मचारी कालूराम के परिजनों को सरकारी सहायता राशि एवं उचित मुआवजा दिलाने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि नगर पालिका द्वारा कर्मचारियों के वेतन से जीवन बीमा की किश्तों की कटौती तो नियमित रूप से की जाती है, लेकिन समय पर राशि जीवन बीमा निगम एलआईसी में जमा नहीं करवाई जाती। इसके चलते कर्मचारियों को प्रीमियम बकाया होने के संबंध में बार-बार फोन और संदेश प्राप्त होते हैं, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी 11 सूत्री मांगों पर 4 जून तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो 5 जून से सांकेतिक धरना और कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान जय नारायण, राजेंद्र पंडित, रेवंत चांवरिया, राजाराम, चिरंजीलाल, देवकिशन, मुकेश सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 10 घंटे तक बिजली गुल रहने से लोग रहे परेशान

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा के रानो राव जीएसएस से जुड़ी बिजली आपूर्ति मंगलवार रात 11 बजे से बुधवार सुबह 9 बजे तक ठप रही। लगभग 10 घंटे तक बिजली गुल रहने से भीषण गर्मी और उमस के कारण सैकड़ों घरों के लोग परेशान रहे। कस्बे के उगमपुरा क्षेत्र में बिजली न होने से घरों के इन्वर्टर भी बंद हो गए। रात भर बिजली न मिलने के कारण बीमार बुजुर्गों और छोटे बच्चों को पूरी रात बैठकर गुजारनी पड़ी, जिससे उन्हें काफी परेशानी हुई। उपभोक्ताओं ने रात में अचानक हुई इस बिजली कटौती पर नाराजगी व्यक्त की। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास कियाए लेकिन बिजली बहाल नहीं हो सकी। डिस्कॉम के एक्सईएन सत्यपाल सिंह ने बताया यह कटौती फॉल्ट के कारण हुई थी। संबंधित कर्मचारियों को फॉल्ट ठीक करने के लिए कह दिया था। लाइन सुचारू करवा दी गई है।

## व्हाट्सएप पर प्राप्त जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भी मान्य

### दोबारा सत्यापन की आवश्यकता नहीं

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** नगर परिषद के रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अरुण जाखड़ ने बताया कि पहचान पोर्टल से डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सीधे व्हाट्सएप पर प्राप्त होने के बाद पूरी तरह वैध हैं। ऐसे प्रमाण पत्रों को अस्पताल, बैंक, स्कूल एवं अन्य संस्थानों द्वारा स्वीकार किया जाना चाहिए। पहचान पोर्टल के माध्यम से जारी डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र संबंधित व्यक्ति के व्हाट्सएप नंबर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नियमानुसार लाभार्थी इस डिजिटल प्रति का प्रिंट निकालकर कहीं भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी संस्था को प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता पर संदेह हो तो वह प्रमाण पत्र पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन कर अथवा पहचान पोर्टल पर जाकर उसकी सत्यता की जांच कर सकती है। डिजिटल प्रमाण पत्र पूरी तरह मान्य एवं प्रमाणिक हैं। जाखड़ ने कहा कि पहले आमजन को डिजिटल प्रति प्राप्त होने के बाद भी उसे नगर परिषद से दोबारा प्रमाणित कराने के लिए कार्यालय आना पड़ता था, जिससे समय और श्रम की परेशानी होती थी। अब घर बैठे ही प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे नागरिकों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की कोशिश रहती है कि आवेदन प्राप्त होने के दिन ही प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाए। वहीं ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का निस्तारण कर अधिकतम तीन दिनों के भीतर प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाते हैं। इससे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बन गई है।

## संकष्टी चतुर्थी : महिलाओं ने व्रत रखकर की भगवान गणेश और चौथ माता की पूजा-अर्चना

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** द्वितीय ज्येष्ठ अधिक मास पुरुषोत्तम मास में बुधवार को विभुवन संकष्टी चतुर्थी पर महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से व्रत रखकर भगवान गणेश और चौथ माता की पूजा-अर्चना की। तीन वर्ष में एक बार आने वाली अधिक मास संकष्टी चतुर्थी पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाओं ने अधिक मास की चौथ के व्रत का उद्यापन किया। महिलाओं ने सुबह व्रत का संकल्प लिया। दिनभर उपवास रखा। संतान की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने संकष्ट चतुर्थी पर संतोषी माता और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने भगवान गणेशजी का दुर्वा, रोली, अक्षत, धूप, दीप, फल, फूल और तिल चढ़ाकर विधि-विधान से पूजन किया। इस दौरान भजन-कीर्तन भी किया गया। पूजा के बाद महिलाओं ने व्रत कथा सुनी और भगवान गणेश की आरती की। शाम को भी शुभ, शुक्ल एवं राजयोग के शुभ संयोग में भगवान गणेश के विभुवन स्वरूप का विधि-विधान से पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने गणेश मंत्रों के जाप, आरती एवं भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान गणेश की आराधना की। पूजन के दौरान गणेश जी को मोदक, दूर्वा एवं नैवेद्य अर्पित किए गए। महिलाओं ने चौथ माता की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं संतानों के मंगलमय जीवन की कामना की। रात्रि में चंद्रोदय होने पर सुहागिन महिलाओं ने चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारायण किया।

## माटी कला बोर्ड अध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई




अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** वंदे गंगा जल सरंक्षण जल अभियान 2026 के तहत 33/11 केवी जीएसएस पर आयोजित कार्यक्रम में माटी कला बोर्ड राजस्थान सरकार अध्यक्ष प्रहलादराय की अध्यक्षता में जल संरक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमे अधीक्षण अभियंता डीडवाना द्वारा अध्यक्ष का साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष द्वारा सभी आमजनों एवं कर्मचारियों को पानी के महत्व व भविष्य में हो सकने वाली गंभीर परेशानी के बारे में जागरूक किया गया साथ ही उनके द्वारा जल संरक्षण हेतु सभी को शपथ दिलवायी गयी एवं पक्षियों के पीने के पानी के लिए परिण्डे भी लगा कर पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार प्रहलाद पारिक, अधीक्षण अभिंयता एफ. आर. मीणा, अधिशाषी अभियंता लाडनूं रामचन्द्र जांगलवा, सहायक अभियंता शहरी सचिन अग्रवाल, सहायक अभियंता ग्रामीण अवधेश कुमार बैरवा, सहायक अभियंता निम्बीजोधा गोपालकृष्ण शर्मा एवं कनिष्ठ अभियंता सुखदेव, विकास कुमार, राजकुमार तुनगरिया, शाहिल गौरी, मोहनसिंह जोधा आदि उपस्थित रहें।

## 12 सूत्री मांगों को लेकर किसानों का धरना

नंदलाल गौड़



**लोसल (नवयत्न)।** अखिल भारतीय किसान सभा की तहसील कमेटी धोद के नेतृत्व में बुधवार को किसानों ने अपनी 12 सूत्री मांगों को लेकर विद्युत निगम के सहायक अभियंता कार्यालय के बाहर धरना दिया। किसानों ने बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर करीब 4 से 5 घंटे तक प्रदर्शन किया। धरने के दौरान किसानों ने विभाग को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना स्थल पर ही खाना बनाकर आंदोलन को और तेज करेंगे। किसानों के तेवर देखते हुए स्वयं अभियंता ने धरना स्थल पर पहुंचे और किसान सभा पदाधिकारियों व किसानों से वार्ता की। किसानों ने गांवों में घरेलू एवं कृषि कनेक्शनों की लंबित मांगों का निस्तारण, खराब विद्युत मीटरों को बदलने, कृषि कनेक्शनों को नियमित बिजली आपूर्ति देने तथा घरेलू उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की मांग उठाई। इसके अलावा जले हुए ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने, 11 केवी एवं एलटी लाइनों के रखरखाव, ढीले तारों को दुरुस्त करने और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग भी रखी गई। धरने में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने, अधिक लोड वाले क्षेत्रों में नए ट्रांसफार्मर लगाने, बिजली कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा विद्युत निगम कार्यालयों में पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। किसान नेताओं ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र के किसान और आम उपभोक्ता बिजली संबंधी समस्याओं से परेशान हैं, लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। करीब 2 घंटे चली वार्ता के दौरान एईएन ने किसानों की सभी 12 मांगें सुनीं। इसके बाद विभिन्न मांगों पर सहमति बनी और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। आश्वासन मिलने के बाद किसान सभा ने धरना समाप्त कर दिया। किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि तय सहमति के अनुसार समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## हनुमान सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राज्य कर्मचारियों की दमदार आवाज रहे लोकप्रिय कर्मचारी नेता एवं कुशल खेल प्रशासक स्व. हनुमान सिंह खंगारोत की 21वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को यूथ हॉस्टल, जयपुर में श्रद्धांजलि एवं पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बुधवार सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक चला। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के संरक्षक डॉ. तेजराज सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष यश प्रताप सिंह ने बताया कि स्व. हनुमान सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन कर्मचारी हितों एवं खेल विकास के लिए समर्पित किया था। उनकी स्मृति को जीवंत रखने हेतु प्रदेश के लगभग सभी जिलों में खिलाड़ियों, खेल संघों एवं राज्य कर्मचारियों द्वारा श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर यूथ हॉस्टल परिसर में पौधा रोपण कर स्व. खंगारोत जी को पर्यावरण के प्रति समर्पित श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि स्व. हनुमान सिंह केवल एक नेता नहीं, बल्कि कर्मचारियों के अधिकारों के सजग प्रहरी एवं युवा खिलाड़ियों के प्रेरणास्त्रोत थे। उनके संघर्ष और सिद्धांत आज भी हम सभी को दिशा देते हैं। कार्यक्रम सह संयोजक महेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि इस अवसर पर श्री राजपूत सभा के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, महामंत्री धीर सिंह शेखावत, समाजसेवी जयभरत राठौड़, उम्मेद सिंह, खंगारोत, विकास जैन, अधिवक्ता राजेश कर्नल, खेल प्रबंधक रणविजय सिंह चंपावत, नरेंद्र भूरिया, पूर्व खेल अधिकारी महेश चंद सैनी, पूर्व राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी हरिमोहन बिजली, गोपाल शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी राजेंद्र सिंह राजावत सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी, खेल संघों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में राज्य कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने स्व. हनुमान सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया।

कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

## नारी जागरण सम्मेलन सात को



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राष्ट्र निर्माण और समाज उत्थान में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा महिला संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आगामी 7 जून को एक दिवसीय नारी जागरण सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में होने वाला यह सम्मेलन ब्रह्मपुरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित होगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर शक्तिपीठ में गायत्री परिवार के प्रमुख पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक भी संपन्न हुई। गायत्री परिवार राजस्थान की सह-समन्वयक गायत्री कचोलिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस एक दिवसीय सम्मेलन को दो मुख्य सत्रों में विभाजित किया गया है। प्रथम सत्र में प्रबुद्ध वक्ताओं द्वारा महिला जागृति अभियान, संगठन विस्तार, संस्कार संवर्धन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरक उद्बोधन दिए जाएंगे। इसके साथ ही संगीतमय प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी शक्ति के महत्व और उनकी रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया जाएगा। वहीं द्वितीय सत्र के अंतर्गत उपस्थित महिलाओं को विभिन्न समूहों में विभाजित किया जाएगा।

समूह चर्चा के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, वर्तमान सामाजिक चुनौतियों तथा भावी कार्ययोजनाओं पर जमीनी स्तर पर मंथन किया जाएगा ताकि आगामी कार्यक्रमों की ठोस रूपरेखा तैयार की जा सके। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल ने सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि संस्कार, शिक्षा, सामाजिक चेतना और नैतिक मूल्यों की संवाहक भी है। परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में महिलाओं के जागरण, संगठन और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए ऐसे सम्मेलन समय की मांग हैं। उन्होंने आगे जोड़ा कि इस सम्मेलन के माध्यम से मातृशक्ति को समाजोत्थान, पारिवारिक समरसता, युवा पीढ़ी के मार्गदर्शन और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही, संगठन को अधिक सक्रिय व प्रभावशाली बनाने के लिए बहनों से सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे, क्योंकि एक संगठित और जागृत नारी शक्ति ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। इस सम्मेलन में जयपुर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं मातृशक्ति के शामिल होने की संभावना है।

## कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के विरोध में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाल किया प्रदर्शन किया

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** किसान महां पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में ट्रैक्टर रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस परियोजना निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में किसानों ने कृषि भूमि अधिग्रहण, रोजगार और सिंचाई के मुद्दे उठाए। किसान महापंचायत के बैनर तले किसानों ने कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मानपुरिया फाटक बाइपास से ट्रैक्टर रैली निकाली जो बाईपास हावड़ा मोड़, विजयपुरा चौराहा, सीकर बाजार राजपथ रोड होते हुए रींगस बाजार से उपखंड कार्यालय पहुंचे जहां पर किसानों ने अपनी मांगें रखी। ज्ञापन में किसानों ने कहा कि कोटपूतली से किशनगढ़ तक पहले से 6 लेन राजमार्ग संचालित है, ऐसे में समानांतर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे की आवश्यकता नहीं है। किसानों का आरोप है कि प्रस्तावित 208 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे के लिए लगभग 9 हजार बीघा सिंचित एवं बहुफसली कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। किसानों ने बताया कि प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे लगभग 15 फीट ऊंचा बनाया जाना है, जिससे कई गांव और किसानों के खेत दो हिस्सों में बंट जाएंगे। इससे किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में परेशानी होगी तथा ग्रामीणों के रोजगार और आजीविका पर भी असर पड़ेगा। किसानों ने कहा कि एक्सप्रेस-वे पर ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, साइकिल और पैदल आवागमन की अनुमति नहीं होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कोई सीधा लाभ नहीं मिलेगा। ज्ञापन में किसानों ने यमुना जल समझौते को शीघ्र लागू कर किसानों को सिंचाई के लिए नहर का पानी उपलब्ध कराने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने तथा गांवों में ग्राम उद्योग स्थापित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग भी की। किसानों ने सरकार से कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना को निरस्त करने की मांग की। इस दौरान किसान महापंचायत के प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया, जिला मंत्री ज्ञानचंद मीणा, प्रदेश मंत्री बत्तीलाल बैरवा, किसान महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, सुरेंद्र बिजारणिया, हंसराज बिजारणिया, मुरलीधर, भीमराज कोटड़ी, मोहनलाल गोमावाली, मालीराम कुम्हार, बचना राम, राजकुमार सिंह शेखावत, मोहन लाल सिरोही, हेमाराम सामोता टीकम नगर, रामावतार सामोता, शोलाराम अर्निया, नाथूराम यादव, रामकुमार काजला, रामकरण गुर्जर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।